




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 12 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 11 अक्टूबर 2024 डाक 12 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में माता तारा देवी मंदिर में पूजा की



**देश-विदेश**

अमेरिका में फ्लोरिडा तट से टकराया मिल्टन तूफान 32 लाख से अधिक लोग अंधेरे में रहने को मजबूर



**कोरिया जिला**

राष्ट्रीय राजमार्ग में बतौली के पास तड़के हुई दुर्घटना, दो मृत, इतने ही घायल मृतकों में एक युवक, एक युवती




## आरजी कर कांड: आमरण अनशन पर बैठे सात जूनियर डॉक्टरों में से एक की हालत बिगड़ी, आईसीयू में भर्ती

**कोलकाता, 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**

आरजी कर कांड के खिलाफ कोलकाता में आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टरों में से एक की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद कल रात को उन्हें तुरंत आरजी कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीमार होने वाले डॉक्टर का नाम अनिकेत महतो है। कल रात से जूनियर डॉक्टर आमरण अनशन पर बैठे हैं। आंदोलन का समर्थन कर रहे सीनियर डॉक्टर सुवर्ण गोस्वामी ने कहा कि अनिकेत महतो की हालत बिगड़ गई है। अभी उनकी हालत ठीक नहीं है। उन्हें आरजी कर अस्पताल ले जाया गया है और आईसीयू में भर्ती कराया जाएगा। पिछले दो महीनों से आरजी कार दुष्कर्म व हत्या मामले की पीड़िता के लिए इंसाफ की मांग को लेकर आंदोलन में महतो और कुछ अन्य लोग सबसे आगे रहे हैं। पिछले छह दिनों से अनशन पर बैठे सात डॉक्टरों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन करने के लिए कल शाम को राज्य स्वास्थ्य विभाग ने चार एक्सपर्ट डॉक्टरों की एक टीम को अनशन स्थल पर भेजा था। चार सदस्यीय मेडिकल टीम के सदस्य दीप्तेंद्र सरकार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम यहां उनकी स्वास्थ्य स्थिति का आकलन करने आए हैं।




यह स्वाभाविक है कि पांच दिनों के उपवास के बाद उनके स्वास्थ्य संबंधी मानदंड बहुत अच्छे नहीं होंगे। हम उनके माता-पिता की तरह हैं और बुजुर्गों के तौर पर हमने सुझाव दिया है कि उनकी हालत बिगड़ने से पहले उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जाना चाहिए। उधर, दुर्गा पूजा उत्सव के बीच लगातार छठवें दिन डॉक्टरों का आमरण अनशन जारी रहा।

## भीषण हादसा: डंपर में भिड़ी कार पति-पत्नी समेत चार की मौत



**वाराणसी।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र में बिहड़ा गांव के पास फ्लिपकार्ट वेयरहाउस के सामने तड़के लगभग साढ़े चार बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर किनारे खड़े डंपर में तेज रफ्तार कार पीछे से टकरा गई। हादसे में विंध्याचल से दर्शन पूजन करके लौट रहे दीपक पांडेय, पत्नी दीपमाला, सास फूलकेश्वरी देवी समेत चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। दीपक का 12 वर्षीय बेटा शिवांश गंभीर रूप से घायल है और उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया हैं। हादसे के बाद डंपर लेकर चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन कार उसमें फंसी होने के कारण ऐसा नहीं कर सका। बिहार के बक्सर के मूल निवासी दीपक पांडेय वाराणसी में बसंतपट्टी मोहनसराय स्थित जीप कंपनी के शोरूम में जनरल मैनेजर के पद पर थे और मंडुवाडीह के बजरंग नगर कालोनी में मकान बनवाकर रहते थे। वह टोयोटा की ग्लैंजा कार से पत्नी, बेटा, सास और भिटारी निवासी अमृता गुप्ता के साथ मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन करने विंध्याचल गए थे। कार दीपक चला रहे थे और अंदेशा है कि रात भर जगा होने के कारण लौटते समय झपकी आ जाने के कारण हादसा हुआ।



### शुभकामनाएं

असत्य पर सत्य की विजयपर्व के अवसर पर दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ परिवार की ओर से क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों-सुधिपाठकों को विजयादशमीं की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई ....

संपादक

### अवकाश सूचना

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ कार्यालय में 12.10.2024 दिन शनिवार को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 13.10.2024 को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बड़ा हमला, कोयला खदान में ग्रेनेड और रॉकेट दागे, 20 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद, 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित एक कोयला खदान में बड़ा हमला हुआ है। हथियारबंद लोगों ने कोयला खदान में हमला बोला। अभी तक 20 लोगों की मौत की खबर है। घटना शुक्रवार तड़के बलूचिस्तान के डुकी इलाके की है। यहां स्थित जुनैद कोयला कंपनी की खदानों पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया। पुलिस अधिकारी हुमायूं खान ने बताया कि शुक्रवार तड़के भारी हथियारों से लैस लोगों ने खदान में धावा बोला। इस दौरान खदान में रॉकेट और ग्रेनेड से भी हमला किया गया। डॉक्टर जोहर खान शादिजई के मुताबिक अभी तक जिला अस्पताल में 20 शव और छह घायलों को लाया गया है। कुछ ही दिन पहले छह अक्तूबर यानी रविवार की रात कराची अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास बलूच लिबरेशन आर्मी ने चीनी नागरिकों पर हमला किया था। इस आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिकों समेत तीन की मौत हुई थी। वहीं 17 अन्य घायल हुए थे। बीएलए ने खुद हमले की जिम्मेदारी ली थी। हमले के बाद चीन ने पाकिस्तान से अपने 400 नागरिकों को वापस बुला लिया। वहीं पाकिस्तान सरकार पर चीनी नागरिकों और चीनी प्रोजेक्ट की सुरक्षा का दबाव बनाया।

## मां काली का मुकुट जो पीएम मोदी ने किया था भेंट

**ढाका, 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**



बांग्लादेश के सतखीरा में स्थित मां काली के जेशोरेश्वरी मंदिर की बहुत मान्यता है। जब पीएम मोदी ने साल 2021 में बांग्लादेश का दौरा किया था तो उन्होंने उस मंदिर में मां काली का मुकुट भेंट किया था। अब खबर आई है कि पीएम मोदी द्वारा भेंट किया गया मुकुट मंदिर से चोरी हो गया है। सोने की परत चढ़ा चांदी का मुकुट गुरुवार दोपहर में मंदिर से चोरी हुआ। मामले पर स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, हम चोर की पहचान करने के लिए मंदिर के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने अपनी बांग्लादेश यात्रा के दौरान 27 मार्च, 2021 को जेशोरेश्वरी मंदिर का दौरा किया था। उस दिन उन्होंने प्रतीकात्मक संकेत के रूप में देवी के सिर की मूर्ति पर मुकुट रखा था। जेशोरेश्वरी नाम का अर्थ है जेशोर की देवी। पीढ़ियों से मंदिर की देखभाल करने वाले परिवार के सदस्य ज्योति चट्टोपाध्याय ने बांग्लादेशी मीडिया को बताया कि यह मुकुट चांदी से बना था और इस पर सोने की परत चढ़ी हुई थी। चोरी हुआ मुकुट भक्तों के लिए सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखता है।

## पीडीए रथ पर लाई गई जेपी नारायण की प्रतिमा आवास के बाहर ही अखिलेश ने किया माल्यार्पण




**लखनऊ 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पुलिस के रोके जाने के बाद लखनऊ में अपने आवास के बाहर ही जेपी नारायण की एक प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अखिलेश ने कहा, जयप्रकाश नारायण की जयंती के दिन JPNIC के म्यूजियम में जाकर उनकी जयंती मनाते हैं, लेकिन पता नहीं क्या कारण है कि आज सरकार हमें रोक रही है, माल्यार्पण नहीं करने दे रही है... भाजपा ने हर अच्छा काम रोका है, लेकिन आज हम लोग सड़क पर खड़े होकर अगर जयप्रकाश नारायण को याद भी कर रहे हैं तो ये सरकार हमें रोकना चाहती है कि हम माल्यार्पण न करें, लेकिन हम लोगों ने यहां सड़क पर ही माल्यार्पण कर दिया।

अखिलेश ने आगे कहा, जयप्रकाश नारायण के नाम पर जो इमारत बनाई गई है, उसे इसलिए ढका गया है क्योंकि उसके पीछे साजिश है। साजिश ये है कि वे उसे बेचना चाहते हैं। ऐसी सरकार जो म्यूजियम बेच रही हो उससे क्या उम्मीद की जा सकती है। समाजवादी पार्टी के लोग हर साल उनकी जयंती मनाते रहे हैं और उसी तरह से मनाते रहेंगे... हम लोग वहीं जाकर भारत रत्न जयप्रकाश नारायण को सम्मान देने का काम करेंगे। यह सरकार गूंगी-बहरी तो है ही लेकिन आज कल इसे दिखाई भी नहीं दे रहा है ... सही मायने में यह एक विनाशकारी सरकार है...

## महादेव ऐप सट्टेबाजी के सरगना सौरभ चंद्राकर को इंटरपोल ने दुबई में किया गिरफ्तार, भारत लाने की कवायद हुई तेज

**रायपुर, 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**




छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक साधारण जूस विक्रेता से महादेव ऐप के सट्टेबाजी सरगना बनने तक, सौरभ चंद्राकर का सफर अब समाप्ति पर पहुंच चुका है। खबरों के अनुसार सौरभ चंद्राकर को दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है। दुबई में उसकी गिरफ्तारी इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर की गई, जिसे प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर जारी किया गया था। यह गिरफ्तारी भारतीय एजेंसियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है, जिसमें विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने प्रमुख भूमिका निभाई। लगभग डेढ़ महीने पहले, छत्तीसगढ़ सरकार ने महादेव ऐप सट्टेबाजी घोटाले की जांच को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने का निर्णय लिया। यह निर्णय 22 अगस्त को लिया गया था, जिसके बाद चंद्राकर की गिरफ्तारी हुई।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट किया था कि घोटाले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और सभी दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए सीबीआई को जांच सौंपी गई।









## इजरायल ने बेरूत के रिहायशी इलाकों में की बमबारी, 22 की मौत, 117 घायल

**बेरूत, 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**




इजरायल ने गुरुवार की रात लेबनान की राजधानी बेरूत के डाउनटाउन शहर कई हवाई हमले किए। इस हमले में 22 लोगों की मौत हो गई और 117 लोग घायल हो गए। इजरायल डिफेंस फोर्स ने मुताबिक, ये हवाई हमले रास एल नबेह, अल-नुवैरी के आसपास के इलाकों को निशाना बनाकर किया गया। लेबनान में सक्रिय ईरान समर्थित एक संगठन हिजबुल्लाह ने इजरायल पर कई हमले किए, जिसकी जवाबी कार्रवाई में इजरायल ने हिजबुल्लाह के प्रमुख नेता और ठिकानों को निशाना बनाया है। इजरायल डिफेंस फोर्स ने कुछ ही मिनटों में कई रॉकेट दागे। स्थानीय लोगों ने हमले के बाद वीडियो बनाए, जिसमें इमारतों से धुआं निकलता दिखाई दे रहा है। शहर में एंबुलेंस के सायरन की तेज आवाज सुनाई पड़ रही थी। यह घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर किया गया था।

हमले में 22 लोगों के मारे जाने और 117 के घायल होने की पुष्टि हुई है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजरायल ने इस हमले में हिजबुल्लाह के एक शीर्ष नेता को निशाना बनाया था। इजरायल द्वारा कई बार असफल प्रयासों के बाद यह हमला काफी हद तक सफल माना जा रहा है।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा




मानसिक रोग विशेषज्ञ
डॉ. ए.ए. खान
मानसिक रोग विशेषज्ञ
Ex. RESIDENT PSYCHIATRIST, CIP, KANKE (RANCHI) & HOD-PSYCHIATRY, SECL, COAL INDIA
- सेक्स संबंधित समस्या
- मिगी, डिप्रेशन, माइग्रेन
- पागलपन, बेहोसी, सिरदर्द
- नींद की कमी, कान में आवाज आना
- बार -बार हाथ धोना, मंदबुद्धि
- उदासी, घबराहट, चिड़चिड़ापन
- गांजा, भांग, शराब की लत छुड़ाना
- बड़ी-बड़ी बाते करना



रविवार से गुरूवार
सुबह: 10 बजे दोपहर 2 बजे तक
गरिमा मेडिको
विकास कॉम्पलेक्स, टी.पी. नगर कोरबा में उपलब्ध रहेंगे


विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
तेंदूपत्ता संग्राहकों के
मानदेय में वृद्धि
तेंदूपत्ता संग्राहकों की
पारिश्रमिक दर प्रति मानक बोरा
4000 रु. से बढ़कर 5500 रु.
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने
के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें ...
श्री विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
S-41634/1
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# 400 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण,63 लोगों की शुगर जांच के साथ दिया जरूरी परामर्श

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा 2 से 8 अक्टूबर तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सेवा सप्ताह के दौरान क्लब द्वारा लगातार सात दिनों तक विभिन्न सेवाभावी गतिविधियां एवं कार्यक्रम संचालित किये गये।

यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने बताया कि सेवा सप्ताह के पहले दिन 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे लायंस भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बिसाहू दास महंत

शासकीय चिकित्सालय चांपा में साफ- सफाई की गयी। सेवा सप्ताह के दूसरे दिन 3 अक्टूबर को लायंस स्कूल में सुबह 11 बजे से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 400 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। सेवा सप्ताह के तीसरे दिन 4 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से लायंस स्कूल में डांडिया एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। सेवा सप्ताह के चैथे दिन 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से बी.डी.एम. शासकीय चिकित्सालय एवं हेमिन बाई राठौर नर्सिंग होम चांपा में भर्ती 83 मरीजों को फल वितरण किया गया। सेवा सप्ताह के पांचवे दिन 6 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से लायंस भवन में नि:शुल्क शुगर जांच एवं एच.बी.-1 सी



टेस्ट शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 63 लोग लाभान्वित हुए। सेवा सप्ताह के छठवें दिन 7 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से लायंस भवन में बच्चों में कैंसर जागरूकता हेतु किया गया। सेवा सप्ताह के सातवें और अंतिम दिन 8 अक्टूबर को शाम 7 बजे से डोंगाघाट स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। लायंस क्लब द्वारा किये गये विविध आयोजनों में मुख्य रूप से लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव संतोष कुमार सोनी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शैलेश बाजोरिया, लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन गिरधारी लाल अग्रवाल, वाईस चेयरमेन डॉ. के. पी. राठौर, सचिव डॉ. योगेन्द्र शर्मा, जोन चेयरमेन राजेश अग्रवाल के अलावा बजरंग अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल, बैजनाथ देवांगन, विनोद कुमार अग्रवाल, नारायण सोनी, मोहन गुलाबानी, खूबचंद देवांगन, डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, संगीता अग्रवाल, डॉ. जी. पी. दुबे, सी. ए. सुरेश अग्रवाल, वासुदेव चंद देवांगन सहित बड़ी संख्या में लायन सदस्य शामिल हुए।

## महिला सफाई कामगारों को साड़ी देकर किया सम्मान

**सक्ती।** नगर पालिका के महिला सफाई कामगार को उनकी मेहनत को देखते हुए साडी देकर नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। नगर पालिका के महिला सफाई कामगार को नारी शक्ति का सम्मान किया गया। वर्तमान में एस.पी. आफिस में स्टेनो के पद पर पदस्थ वाई.एन.शर्मा के द्वारा सफाई कामगार को साड़ी देकर सम्मान किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि नगर पालिका के सफाई कामगार सुबह 6.30 बजे से अपना काम पर आ जाते है तथा सुबह से ही नगर की सफाई करने में लग जाते है तथा नगर के गार्डन, चैपाटी एवं रोड को झाड़ू लगाकर सफाई करते है। इनकी मेहनत को देखते हुये सभी महिला सफाई कामगार को साडी देकर सम्मान किया गया। नगर पालिका के महिला सफाई कामगार में श्रीमती अन्नू, श्रीमती सन्नू, श्रीमती सुजाता, श्रीमती उवार्षी, श्रीमती रीता, श्रीमती निका बाई, श्रीमती पुष्पा, श्रीमती आंचल, श्रीमती रेखा, श्रीमती बिदिया, श्रीमती उर्मिला, श्रीमती सुमित्रा, श्रीमती पदमा उपस्थित थे ।

# भालेराय मैदान में होगा 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन

**चांपा।** नगर में इस वर्ष विराट दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में पूरी भव्यता के साथ शनिवार 12 अक्टूबर को दशहरा महोत्सव के तहत रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जायेगा। इस दौरान भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इस वर्ष आयोजित हो रहे दशहरा महोत्सव में कलेक्टर आकाश छिकारा तथा पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

यह जानकारी देते हुए दशहरा महोत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष पूरे आयोजन को भव्य तथा सफल बनाने के लिए शहर का युवा वर्ग पूरे उत्साह के साथ जुटा हुआ है। नगर का दशहरा महोत्सव भालेराय मैदान में शाम



5 बजे से प्रारंभ होकर 3.30 घंटे तक चलेगा। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी के बीच बुराई के प्रतीक रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जायेगा। इस वर्ष भालेराय मैदान में रावण के 40 फीट, कुंभकर्ण के 30 फीट तथा मेघनाथ के 25 फीट ऊंचे पुतले का निर्माण स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने बताया कि दशहरा महोत्सव में कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के अलावा स्थानीय निर्वाचित

जनप्रतिनिधि तथा समाजसेवी सहित हजारों लोगों की भीड़ पुतला दहन का हिस्सा बनेगी। रावण, कुंभकर्ण तथा मेघनाथ के पुतलों का आधुनिक तरीकै से दहन किया जायेगा। साथ ही जबलपुर की मशहूर माई की जगराता गायिका जिया खान तथा मशहूर सिंगर वाली ठाकरे अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगे। पूरे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण फेसबुक, यूट्यूब के अलावा स्थानीय केबल के माध्यम से नगरवासी घर बैठे देख सकेंगे। इस वर्ष आकर्षक मंच सज्जा, लाईटिंग, लाइनेरे साउंड, पैरो साट फायरिंग फाग रंग-बिरंगे होंगे। पूरे आयोजन को भव्य, आकर्षक तथा विराट बनाने में आयोजन समिति के पदाधिकारी तथा सदस्यगण जुटे हुए है। चुस्त दुरुस्त रहेगी व्यवस्था-हर वर्ष रावण दहन व कार्यक्रम के समापन के बाद यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है, जिसके चलते जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस बार पुलिस प्रशासन व आयोजन समिति मिलकर यातायाता व्यवस्था को चुस्त रखने की व्यवस्था कर रही है, कार्यक्रम के दौरान सड़क को वन वे रखने सहित कई कदम उठाया जायेगा ताकी कार्यक्रम के समापन के बाद जाम की स्थिति निर्मित न हो तथा लोगों परेशानी का सामना करना न पड़े।

## देवी मंदिरों में पहुंचकर राजेश्री महंत ने किया दर्शन-पूजन

**जांजगीर-चांपा।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास शारदीय नवरात्र के अवसर पर जांजगीर चांपा जिले में विराजित माता के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर दर्शन- पूजन किया।

राजेश्री महन्त 10 अक्टूबर को सुबह 9 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर से रवाना होकर दोपहर 12ः30 बजे ग्राम खोखरा में विराजित माता मनका दाई का दर्शन किए। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम महंत, नवागढ़, सलखन, खरौद, बिर्रा, केरा सहित अनेक स्थानों पर विराजित माता दुर्गा भवानी के %विभिन्न स्वरूपों का दर्शन करके लोक कल्याण की। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि - सनातन धर्म में ज़ नवरात्रि पर्व का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह शक्ति की उपासना का पर्व है, इसे प्रत्येक सनातन धर्मावलंबियों को बड़े श्रद्धा भक्ति पूर्वक माननी चाहिए। इस आध्यात्मिक यात्रा के दौरान वे जांजगीर (नैला) पहुंचकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के यहां श्रद्धांजलि सभा में भी उपस्थित हुए एवं स्व. शेखर चंदेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर कमलेश सिंह, निर्मल दास वैष्णव तथा अलग-अलग स्थानों पर शशिकांत सिंह, रेखेन्द्र तिवारी, राधे थवाईत, पवन चतुर्वेदी, पुरुषोत्तम राठौर, कृष्णा प्रजापति, देवेश सिंह, अवधेश सिंह, इंग्लेश सिंह, रविंद्र सिंह, भुवनेश्वर केशरवानी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अनियंत्रित पिकअप गिरी नहर में, एक बच्चे का मिला शव, दो की तलाश जारी

**जांजगीर-चांपा।** जसगीत गायन के लिए पिकअप में सवार होकर जा रहे वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। सूचना पर एसडीआरएफ व पुलिस को टीम मौके पर पहुंची और फंसे लोगों को निकालने में लगे रहे। इस बीच 3 बच्चे लापता हो गए। जिनमें एक बच्चे का शव बरामद किया गया है। वहीं दो बच्चे की तलाश जारी है। घटना नगरदा थाना अंतर्गत ग्राम मोहगांव की है।

इस संबंध में नगरदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले में बुधवार रात 21 लोगों से भरी तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू होकर नहर में जा घुसी। हादसे में 18 लोगों को रेस्क्यू कर निकाला गया है। वहीं 6 साल के 3 बच्चे लापता हो गए थे। खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। टीम लगातार बच्चों की तलाश कर रही है। पिकअप से ये सभी जसगीत कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। ग्रामीण बताया जा रहा है कि ग्राम बैलाचूंवा के ग्रामीण बुधवार रात पिकअप से सलीहाभांठा जा रहे थे। पिकअप मोहगांव बरपाली के पास पहुंची थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। नहर में पिकअप आधी डूब गई थी। हादसे के बाद नहर में चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल हादसे की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस को दी। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से 18 लोगों को बाहर निकाला गया है। वहीं जेसीबी की मदद से पिकअप को बाहर निकाला गया। वहीं तीन बच्चों का कही कोई पता नहीं चल पाया। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम द्वारा 1 बच्चे का शव बरामद किया। लापता बच्चों में ड्राइवर का 6 वर्षीय बेटा इंद्रा और एक ग्रामीण का 6 वर्षीय बेटा अशोक जायसवाल लापता है, जिनकी खोजबीन जारी है।

## लीलागर नदी के तट पर चल रहा बड़ा जुआ

**जांजगीर-चांपा।** मुलमुला थाना क्षेत्र से सटे लीलागर नदी के आसपास बड़ा जुआ चलने की खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि फड़ संचालक स्थान बदल बदल कर जुआ खिलवा रहे हैं। पुलिस इन तक इस नाम से नहीं पहुंच पा रही है क्योंकि नदी के दोनों छोर में जुआरी स्थान बदलकर जुआ खिलवा रहे हैं। इधर पुलिस को इस नाम का डर सताते रहता है कि कहीं जुआरियों को खदेड़ेंगे तो नदी में कूद न जाएं। इससे उनकी कुर्सी जाने का डर रहता है। जिसका फायदा जुआरी भरपूर उठाते हैं। आपको बता दें कि दिवाली आते ही जगह जगह में जुआरियों का फड़ सजने लगा है। सूत्रों की माने तो बिलासपुर व जांजगीर-चांपा की सीमा के बीच गुजरी लीलागर नदी तट में जुआरी दांव लगवाने में सक्रिय हैं। इन स्थानों में बिलासपुर व जांजगीर-चांपा जिले के अलावा कोरबा जिले के जुआरी दांव लगाने पहुंच रहे हैं। फड़ में लाखों का गेम हो रहा है। इनकी उन्नति का सबसे बड़ा कारण नदी तट है। क्योंकि सीमा क्षेत्र के चलते दोनों जिलों की पुलिस उलझी रहती है। कभी जुआरी नदी के उस पार दांव लगवाने पहुंच जाते हैं तो कभी जुआरी मुलमुला क्षेत्र के नदी तट पर दांव लगवाने के लिए फड़ संचालित कर लेते हैं।

# खनिज अफसर मना रहे तीज त्यौहार, माफिया सक्रिय

### नवागांव रेत घाट से हर रोज 200 ट्रिप निकाली जा रही रेत

**जांजगीर-चांपा।** ब्लाक के नवागांव रेत घाट संचालकों की इन दिनों चांदी हो गई है। दरअसल, यहां से हर रोज रेत माफिया 200 ट्रिप रेत निकाल रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इनकी भनक खनिज अफसरों को नहीं है। खनिज अफसर जानकर भी अनजान बने हुए है। इसकी शिकायत होने के बाद भी खनिज अफसरों को दफ्तर से बाहर निकलने की फुर्सत नहीं है। जिसका फायदा रेत माफियाभरपूर उठा रहे हैं। जिले में रेत उत्खनन पर पूरीतरह से बेन लगा हुआ है। इसके बाद भी जिले के दर्जनों रेत घाट आबाद है। इधर, खनिज अफसर तीज त्योहार मनाने में जुटे हुए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बलौदा ब्लाक के नवागांव में रेत माफिया बेहद सक्रिय हैं। यहां से हर रोज 200 ट्रिप रेत निकाली जा रही है। हसदेव नदी रेत माफियाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। बताया जा रहा है कि इस खेल में ग्राम पंचायत की भूमिका संदिग्ध है। ग्राम पंचायत के पदाधिकारी चाहते तो इसकी लिखित शिकायत कर खनिज अफसरों को आगाह कर सकते थे, लेकिन सूत्रों की माने तो रेत माफिया ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को साथ लेकर चल रही है।

यही वजह है कि इसे क्षेत्र के रेत माफियाओं पर अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है।

खनिज अफसरों की माने तो वे केवल अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हैं। उन्हें आखिर रेत कहां से निकाली जा रही है उस पर ध्यान नहीं जाता। सड़कों में खड़े हो जाते हैं और मौके से गुजरने वाले वाहनों पर ही कार्रवाई की जाती है। जबकि अवैध रेत घाटों में छापेमारी की जानी चाहिए। सूत्रों की माने तो रेत माफियाओं का खनिज अफसरों से चोली दामन का साथ रहता है। रेत माफियाओं के सूत्र खनिज अफसरों के वाहन चालकों से फोन लगाकर अफसरों का लोकेशन बता देते हैं। फिर माफिया सतर्क हो जाते हैं।

## अलेखराम सिदार होंगे सहायक आयुक्त आबकारी

**जांजगीर-चांपा।** जिला आबकारी अधिकारी प्रवीण वर्मा का स्थानांतरण जीपीएम जिले में हो गया है। उनके स्थान पर कोंडागांव के जिला आबकारी अधिकारी अलेखराम सिदार को जांजगीर- चांपा जिले का सहायक आयुक्त आबकारी बनाया गया है। बताया जा रहा है कि राज्य स्तर में ओवररेटिंग में शराब बिक्री किए जाने की शिकायत कई जिलों में मिली थी। प्लेसमेंट एजेंसियों पर ओवररेटिंग कर शराब बिक्री करने दबाव बनाया जा रहा है। इसकी शिकायत प्रदेश स्तर पर मिलने पर पूरे प्रदेश में जिला आबकारी अधिकारियों का तबादला की गई है। जांजगीर- चांपा जिले में भी ओवर रेट पर शराब बिक्री की बड़ी शिकायत मिली थी। सूत्रों के मुताबिक जो बीयर 220 में मिलनी चाहिए वह 250 में बिक रही है, तो वहीं जो अंग्रेजी का क्वाटर 220 में बिकनी चाहिए उसे 250 पर बेची जा रही है। जिसे लेकर ग्राहकों में नाराजगी देखी जा रही थी। तबादले की प्रमुख वजह इसे ही माना जा रहा है। क्योंकि शराब बिक्री में प्लेसमेंट कर्मचारियों की भूमिका अहम होती है। आबकारी अफसरों के इशारों के बगैर तय दर में ऊंच- नीच कर शराब बिक्री नहीं की जा सकती। प्लेसमेंट कर्मियों के बूते ही शराब बिक्री की जाती है। सूत्रों की माने तो इन पर आबकारी अधिकारियों द्वारा दबाव बनाया जा रहा था कि ओवर रेट का शराब बिक्री की जाए। ताकि टारगेट पूरा हो सके,यही वजह है कि प्रदेश स्तर के आबकारी अधिकारी बदले गए।

# अमानक तो नहीं खाद्य पदार्थ इस आशंका पर हो रही जांच



**जांजगीर ।** भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार स्वच्छ आहार थीम पर मंडल के सभी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर स्थित कैंटीन, कैटरिंग स्टालों और रेल कार्यालयों में स्थित कैंटीन की जांच की गई। इस दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई व स्वच्छता की पड़ताल की गई। बुधवार को चांपा स्टेशन में वाणिज्य विभाग के अधिकारी और उनकी टीम ने रेलवे कैंटीन का निरीक्षण किया। इसके साथ ही अधिकारियों व पर्यवेक्षकों द्वारा मंडल के कोरबा, ब्रजराजनगर, रायगढ़, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, पेंड्रारोड सहित सभी प्रमुख स्टेशनों में संचालित कैंटीन व स्टालों में स्वच्छता का गहन निरीक्षण किया गया।

## ठगी से बचने के तरीके बताए

**सक्ती।** साइबर सेल द्वारा पूरे जिले के सभी स्थानों पर निरंतर साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से ग्रामीणों को साइबर अपराधों की जानकारी देकर जागरूक कर रहे हैं।



इसी कड़ी में जिला साइबर सेल के प्रधान आरक्षक प्रेम नारायण राठौर की उपस्थिति में सक्ती विकासखंड के पोरथा, पासीद, टेमर और सक्ती जिले के छपोरा आमादरहा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान प्रधान आरक्षक राठौर ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में साइबर सेल के माध्यम से साइबर अपराधों पर नियंत्रण करने और लोगों को साइबर संबंधी अपराधों से पूर्व जागरूक कर बचाव करने की दिशा में पहल की जा रही है। वर्तमान में अनजाने में साइबर अपराधों के शिकार हो जाते हैं। इससे हमें नुकसान होता है। इससे बचना होगा और आप सभी सतर्क रहें। किसी भी प्रकार की अनहोनी की घटना तत्काल साइबर सेल को दें।

### कल्याणपुर में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा

**अकलतरा।** ग्राम कल्याणपुर में नवरात्रि पर्व धूमधाम से आयोजित हो रहा है। गांव के महामाया देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व पर 108 तेल ज्योति कलश और 3 घृत ज्योति कलश प्रज्वलित हो रहे हैं। मां महामाया माता चौरा में जीर्णोद्धार करने के साथ हनुमान और भैरव बाबा का मंदिर बनाकर प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा की गई। गांव के माता चौरा परिसर में नवरात्रि पर श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे पंडित उर्वशी नंदन तिवारी कथा सुना रहे हैं। नवरात्रि पर प्रतिदिन सुबह शाम विशेष रूप से पूजा-अर्चना और मंगल आरती करने के साथ जसगीत प्रतियोगिता आयोजन हो रहा है।

# फूल और दूबी से सजाई पूजा की थाली

**जांजगीर- चांपा।** शारदीय नवरात्रि पर ज्ञानोदय शिक्षा कॉलेज जांजगीर में पूजा थाल सजाओ प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में कॉलेज के बीएड प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज के प्राध्यापकों के निर्देशन में प्रशिक्षणार्थियों ने प्रकृति सामग्री पुष्प, दूब, पत्ती, बेल से अपनी पूजा की थाल को सजाकर आकर्षक रूप प्रदान किया। कुमकुम, गुलाल, रोली, धूप-दीप, अक्षत और पंचमेवा से सुसज्जित पूजा की थाल ने सबका मन मोह लिया। अपने उद्बोधन में कॉलेज के संचालक डॉ. सुरेश यादव ने बीएड प्रशिक्षार्थी छात्र-छात्राओं को आयोजन के लिए पूजा के महत्व को प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धा भाव से चढ़ाए गए एक फूल को भी माता सच्चे मन से स्वीकार करती हैं। सहायक प्राध्यापिका डॉ. हेमा तिवारी ने भारतीय सनातन पूजा पद्धति से सभी को अवगत कराया। सहायक प्राध्यापिका चंचला मिश्रा ने माता की महिमा का गुणगान किया। सहायक प्राध्यापक अमित उपाध्याय ने कहा कि पूजा पद्धति से धार्मिक और नैतिक शिक्षा का विकास होता है। उद्बोधन की अंतिम कड़ी में सहायक प्राध्यापिका तरुणा यादव ने भारतीय परंपरा और पूजा के विधि-विधान के बारे में बताया। थाल सजाओ प्रतियोगिता में गीता और रजनी रहीं प्रथम थाल सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गीता चंद्रा व रजनी विजय, द्वितीय स्थान नरेंद्र साहू, अभिजीत चंद्रा और तृतीय स्थान नीतू चंद्रा, स्वेता सिदार उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**राजस्व मामले में नोटिस**

**रा.प्र.क्र.202307050600052/अ - 12/2022-23 ग्राम-रामपुर प.ह.नं.17**

**सीमा जायसवाल विरूद्ध छ.ग.शासन**
**विजय प्रकाश पिता स्व.साधराम यादव निवासी-वार्ड क्र.06 विजय नगर दीपका तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीमा जायसवाल पति श्री सुरेन्द्र प्रताप जाायसवाल जाति कलार निवासी गांधी चौक कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम रामपुर प.ह.नं. 17 में ख.नं.718 रकबा 0.380 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि के सीमांकन हेतु दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 16.10.2024 को दिन के 11:00 बजे स्थान :- तहसील कार्यालय कोरबा पर होगी।

आज दिनांक 30.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील **तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

**रा.प्र.क्र. 202401050100132/ रा.प्र.क्र.-/अ-6अ/2023-24 ग्राम - रिसदा प.ह.नं.14**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिभुवन सिंह पिता पंचम सिंह गोंड़ की ओर से आम मुख्तियार रविभूषण प्रताप सिंह पिता स्व. बोधशरण प्रताप सिंह जाति कंवर निवासी रानीगढ़ी रानी रोड कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम रिसदा प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. पाढ़ीमार में ख.नं. 782 रकबा 0.36 ए. भूमि स्थित है। वर्तमान राजस्व रिकार्ड में आवेदक की जाति गोंड़ के स्थान पर त्रुटिवश सामान्य दर्ज हो जाने के कारण अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 115 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकार (रा.) कोरबा से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 21.10.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील **तहसीलदार कोरबा(छ.ग.)**

### सरकारी जमीन पर कब्जाः फसल उगाई, मकान भी बनाया

**अकलतरा।** ग्राम पंचायत झलमला में साल 2011-12 में शासकीय हाई स्कूल भवन का निर्माण करने के साथ स्कूल भवन के चारों ओर बाउंड्रीवॉल और खेल मैदान का निर्माण कार्य कराने के लिए 5 एकड़ शासकीय भूमि को आरक्षित कराया था। स्कूल के चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं होने से गांव के लोग शासकीय भूमि में बेजा कब्जा कर धान की फसल उगाने के साथ-साथ पक्के मकान बना रहे हैं। हद तो तब हो गई जब उन्होंने स्कूल की बाउंड्रीवॉल व खेल मैदान के लिए आरक्षित शासकीय भूमि कब्जा करना शुरू कर दिया।

ग्राम पंचायत द्वारा राजस्व विभाग को कई बार जानकारी दी पर अतिक्रमण हटाने कोई भी पहल नहीं की जा रही है। सरपंच शकुंतला पटेल ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल के सामने गांव के कुछ लोगों ने बेजा कब्जा कर धान की फसल उगाने के साथ भूमि को तार और कांटे से घेरा है। यह क्रम अभी भी जारी है।

# पांच शेरों में सवार मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

**जांजगीर- चांपा।** श्री श्री दुर्गा उत्सव सेवा समिति द्वारा इस बार थाईलैंड के अरुण देव मंदिर के तर्ज पर पंडाल तैयार कराया गया है। जिसमें सोने चांदी , हीरे मोती व अन्य रत्नों से जड़ित मां दुर्गा की पांच शेरों में सवार 35 फीट ऊंची प्रतिमा पंचमी तिथि कोपूजा अर्चना कर विराजित की गईहै।

साथ ही बुर्ज खलीफा जैसा लाइट और साउंड शोलोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। माता के दर्शन के लिए लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।समिति के अध्यक्ष राजेश पालीवाल ने बताया कि 41 साल से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

इसी तरह मां शिरीष पाठ मंदिर डोंगाकोहरौद में आज सुबह से ही भक्तों का मेला रहा जो देर शाम तक जारी रहा । दूसरी तरफ भोर सुबह से ही श्रद्धालु लोट मारते मारते माता के दरबार में पहुंचते रहे । ग्रामीण पहले शिरीष पेड़ को ही माता रूप मानकर पूजा अर्चना और काली फीता चूड़ी बांधकर मन्नत मांगते थे।

आज वहां मंदिर का निर्माण हो जाने के बाद नवरात्र केदोनों पर्व में गांव के नवजागरण शिरीष कल्याण सेवा समिति द्वारा मनोकामना ज्योत के साथ ज्वारा ज्योत जलाए जाते हैं।

इस वर्ष शारदेय नवरात्र में माता दुर्गा की बड़ी प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही नवरात्र प्रारंभ हुआ है और 247 भक्तों के द्वारा ज्योत जलवाए गए हैं।



बुधवार को यहां सप्तमी मनाया गया जिससे सुबह से स्थानीय ग्रामीण महिला पुरुषों के साथ आसपास व दूरदराज से आस्था रखने वालों का तांता लगा रहा। मंदिर मार्ग और परिसर में भीड़ की वजह से मेला का दृश्य हो गया था। वहीं मन्नत लेकर भी बड़ी संख्या में भक्त लोट मारते हुए मंदिर तक पहुंचे और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए ।

## साफ सफाई करने के साथ लोगों को किया गया जागरूक

**बाराद्वार।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्थानीय मीरा क्लीनिक के सामने एनएच सड़क और क्लीनिक परिसर की सफाई की गई। सफाई अभियान के तहत लोगों को अपने आसपास सफाई रखने की अपील की गई। इस मौके पर डॉ. जगदीश सिंह, राकेश बरेठ, कालिका साहू, योगेश साहू, पुष्पेन्द्र, रमेश दास, लक्ष्मी साहू सहित पूरा अस्पताल स्टाफ उपस्थित था।





## ब्रह्माकुमारी बहनों ने लगाई चैतन्य देवियों की झांकी

**बाराद्वार।** रेलवे स्टेशन के पास स्थित दुर्गा पंडाल में गुरुवार की रात प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने चैतन्य देवियों की झांकी सजाई। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बाराद्वार राजयोग केन्द्र की बहनों ने पंडाल परिसर में मां दुर्गा, मां काली, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती की जीवंत झांकी लगाई। इसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मनमोहक झांकी देखकर उपस्थित लोगों ने प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बाराद्वार की बहनों की प्रशंसा की। उसके अलावा रेलवे स्टेशन के पास स्थित दुर्गा पंडाल में जसगीत और झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर और आसपास के गांव में जसगीत और झांकी पार्टी के कलाकारों ने मां दुर्गा के नौ रूपों का अवतार धारण करते हुए नवरात्रि झांकी का वर्णन किया और भजन-कीर्तन के साथ जसगीत गाते हुए मां दुर्गा के रूपों के चरित्र का चित्रण किया। इसकी लोगों ने खूब सराहना की।

***जांजगीर।** आबकारी विभाग ने बुधवार को 34 अफसरों का तबादला किया। इसमें जिले के सहायक आबकारी आयुक्त प्रवीण वर्मा का तबादला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भ रतपुर हो गया है। उनके स्थान पर कोंडागांव से सहायक आबकारी आयुक्त अलेख राम सिदार को लाया गया है। वहीं नितिन कुमार शुक्ला को सक्ती कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है।

## अनमोल वचन......

**रिश्ता चाहे इस धरती पर कोई भी हो सबका सिर्फ एक ही पासवर्ड है, भरोसा।**

## गडकरी का साहस दिखाना प्रशंसनीय

रेवड़ियां दूसरी सब्सिडियों के भुगतान में रुकावट की शर्त पर ही बांटी जा सकती हैं। बल्कि कहा यह जाएगा कि इन पर अमल समाज की जड़ों को मजबूत करने वाली और मानव विकास का आधार बनने वाली योजनाओं की कीमत पर ही होता है। भाजपा की अंदरूनी सियासी समीकरण वाले एंगल में सिर खपाने से बच सकें, तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जो कहा है, उसकी अहमियत बेहतर ढंग से समझ आ सकती है। गडकरी ने महाराष्ट्र में अपनी ही पार्टी की गठबंधन सरकार की नई घोषित लड़की बहिन योजना पर सवाल उठाए हैं। यह सच बयान किया है कि इस योजना पर अमल दूसरी सब्सिडी में कटौती की शर्त पर ही संभव है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर सभी महिलाओं को 1,500 रुपये हर महीने दिए जाएंगे। इसका लाभ ढाई करोड़ महिलाओं को मिलेगा। इससे राज्य के खजाने पर 46 हजार करोड़ रुपये का नया सालाना बोझ आएगा। लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद एकनाथ शिंदे सरकार ने कुछ ऐसी नई घोषणाएं कीं, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में रेवड़ी कहा जाएगा। शिंदे ने आर्थिक रूप से कमजोर हर परिवार को हर साल तीन गैस सिलिंडर मुफ्त देने, किसानों को प्रति पांच हेक्टयर जमीन पर पांच हजार रुपये बोनस देने, और उनके बिजली बिल माफ करने की घोषणा भी की है। इन सबका अतिरिक्त बोझ खजाने पर आएगा। गडकरी की टिप्पणी गौरतलब है कि ऐसी योजनाओं पर अमल दूसरी सब्सिडियों के भुगतान में रुकावट की शर्त पर ही संभव है। बल्कि कहा यह जाएगा कि इन पर अमल समाज की जड़ों को मजबूत करने वाली और मानव विकास का आधार बनने वाली योजनाओं की कीमत पर ही होता है। मगर इस नव-उदारवादी दौर में जन-कल्याण का मतलब ऐसी योजनाओं का बढ़-चढ़ कर एलान हो गया है, जिस होड़ सभी पार्टियां शामिल हो चुकी हैं। सीधे और सरल शब्दों में इसे वोट खरीदने की होड़' कहा जा सकता है। इस चलन का विरोध धारा के खिलाफ बोलना माना जाता है, जिसका साहस राजनेता नहीं दिखा पाते। महाराष्ट्र में चुनावी सरगर्मियां शुरू हो चुकी हैं और उसके बीच गडकरी का यह साहस दिखाना प्रशंसनीय है। ऐसी बातों से यह रुझान थमेगा तो नहीं- फिर भी लोगों को सच बताने का अपना महत्त्व है। यह बात अवश्य बताई जानी चाहिए बांटी जा रही रेवड़ियां समाज के दीर्घकालिक विकास की कीमत पर हैं।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। नवविवाहित लोगों के जीवन में खुशियों का आगमन होगा। युवाओं के लिए सफलता के नए दरवाजे खुलेंगे। आपको बच्चों के साथ कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे वे बहुत खुश होंगे। लवमेट के रिश्ते में और मधुरता बढ़ेगी।

**वृष राशिः** आज आपका मन आनंदित रहेगा। जो लोग स्टेशनरी का कार्य करते हैं, उनको आज उम्मीद से अधिक लाभ होने वाला है। पिता जी आपको आज कोई जरूरत का सामान गिफ्ट करेंगे। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आज आपका दिन बडें बुजुर्गों के साथ बीतेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, आज लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। छोटे स्तर पर व्यापार करने वालों को बड़ा लाभ होगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको संभलकर फैसले लेने की जरूरत है। अगर आप खुद का बिजनेस करते हैं, तो आपको किसी से भी बात करते समय अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए। आपको किसी काम में भाई का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह राशिः** आज के दिन आप हर तरह से चिंता मुक्त रहेंगे। महिलाओं के लिए दिन बड़ा ही अच्छा रहेगा। कॉमर्स फील्ड से जुड़े छात्रों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों का आज पदोन्नति होने के योग बने हुए हैं। आज आपको व्यापार में आर्थिक लाभ होने की सम्भावना है। अगर आप वाहन लेने का मन बना रहे है तो आज का दिन अच्छा है। कन्या का आशीर्वाद लें, समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या राशिः** आज हर कोई आपके साथ चलने की कोशिश करेगा। जो लोग कोर्ट-कचहरी के मामलो से जुड़े हैं, उनके कार्य आज समय से पूरे हो जाएंगे। आपको ऑफिस में मिले नये प्रोजेक्ट को पूरा करने में जूनियर्स का सहयोग मिलेगा।

**तुला राशिः** आज आपके रूके हुए जरूरी काम समय से पूरे हो जाएंगे। जो लोग थियेटर से जुड़े हैं, उन्हें आज सुनहरे अवसर मिलने वाले है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज नई जिम्मेदारी मिलने वाली हैं। आज आपके दाम्पत्य रिश्तें में मधुरता आयेगी। जो लोग नौकरी कर रहें हैं, उनके प्रमोशन होने के योग बने हुए हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज पूरे दिन आपके मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। अगर आप कोई नया करोबार शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं, तो परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आज आपका ध्यान किसी घरेलू कार्य को पूरा करने पर लगेगा। आज आपको घर के बुजुर्गों के सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है।

**धनु राशिः** आज आपको जीवन में नया मुकाम प्राप्त होगा। जो लोग फैशन डिजाइनर हैं, आज उनके दिमाग में अच्छे क्रिएटिव थॉट आयेंगे। आज आपके द्वारा किये गए सामाजिक कामों की तारीफ होगी। ट्रांसपोर्ट के कार्यों से जुड़े लोगों को मुनाफा होगा। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक-झोंक आज समाप्त हो जायेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग बिजनेसमैन हैं, उन्हें आज किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। अगर लम्बे समय से किसी बात को लेकर परेशान हैं तो उसे जीवनसाथी के साथ शेयर करे, मन को शांति मिलेगी। किसी को बिना सोचे-समझे पैसा उधार देने से बचें। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लवमेट से उपहार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। जो लोग लेखक हैं, आज उनके विचारों का सम्मान होगा। आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। आज आपकी बात किसी पुराने दोस्त से होगी। अविवाहितो को आज विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे।

**मीन राशः** आज आप अपने सोचे हुये कार्यो को जल्दी पूरा करने में सफल होंगे। इस राशि के जो लोग लोहे का बिज़नेस करते हैं, आज उनको उम्मीद से अधिक मुनाफा होगा। भाई से आज आपको कोई उपहार मिलेगा। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी मिलेगी। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों का समाधान निकलेगा। बड़ों का आशीर्वाद लें, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

# प्रसादम् में मिलावट भयावह और बेहद चिंताजनक

//एस. सुनील//

**हिंदू धर्मस्थलों को मुक्ति की आवश्यकता है। इन्हें सरकारी नियंत्रण से मुक्ति की आवश्यकता है तो न्यायपालिका के समय समय पर होने वाले हस्तक्षेप और मीडिया की सतत निगरानी से भी मुक्ति की आवश्यकता है। तिरुपति प्रसादम् विवाद ने इस आवश्यकता को अनिवार्य कर दिया है। आंध्र प्रदेश की तिरुमाला की सात पहाड़ियों पर स्थित श्री भगवान वेंकटेश्वर मंदिर यानी तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम् में मिलावट का जो मामला सामने आया है वह भयावह और बेहद चिंताजनक है। यह करोड़ों हिंदुओं की आस्था को छिन्न भिन्न करने वाला है। इस विवाद से हिंदू मंदिरों और तमाम धर्मस्थलों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की आवश्यकता प्रमाणित हुई है।**

यह सही है कि राज्य के मुख्यमंत्री श्री चंद्रबाबू नायडू ने संकेत दिया है कि अब तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम् यानी टीटीडी बोर्ड का अध्यक्ष हिंदू ही बनेगा लेकिन यह बड़ा सवाल है कि यह सरकार क्यों तय करेगी कि कौन अध्यक्ष बनेगा। यह काम सरकार के हाथ में क्यों होना चाहिए? क्या दूसरे धर्मों के धर्मस्थलों का प्रबंधन सरकार के हाथों में है? और अगर नहीं है तो क्या हिंदू धर्मस्थलों को सरकारी नियंत्रण में रखना संविधान के अनुच्छेद 14 से मिले समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है। ये सवाल इसलिए हैं क्योंकि जगन मोहन रेड्डी और उनके स्वर्गीय पिता वाईएस राजशेखर रेड्डी की सरकारों में तिरुपति के मंदिर के बोर्ड में गैर हिंदू अध्यक्ष बनाए जाने की खबरें आई थीं। इनकी सरकारों में एक ऐसे व्यक्ति को टीटीडी बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया था, जिसने भगवान वेंकटेश्वर की प्रतिमा को काला पत्थर बता कर उसे अपमानित करने की बात कही थी। ऐसे ही एक अन्य व्यक्ति को भी बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया गया था, जिनकी पुत्री ने ईसाई रीति रिवाज से अपनी शादी का वीडियो सार्वजनिक किया था। क्या किसी दूसरे धर्म या पंथ के धार्मिक स्थल का नियंत्रण ऐसे व्यक्ति के हाथ में दिया जा सकता है, जो उस धर्म में और उसकी मान्यताओं में आस्था नहीं रखता हो। जब इस्लाम या ईसाई धर्म के धर्मस्थलों के मामले में ऐसा नहीं होता है तो हिंदू धर्मस्थलों के मामले में भी ऐसा नहीं होना चाहिए।संविधान के अनुच्छेद 25 में सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है। इसी अनुच्छेद के आधार पर धार्मिक संस्था बनाने और आस्था के प्रचार का अधिकार भी मिला हुआ है और इसी अनुच्छेद के जरिए धार्मिक संस्थाओं को प्रशासित या प्रबंधित करने का अधिकार भी सभी धर्मों को मानने वालों को मिला है। तभी सवाल है कि कोई भी सरकार इस अनुच्छेद के अनुपालन में भेदभाव कैसे कर सकती है। अगर इस अनुच्छेद के अनुपालन में भेदभाव होता है तो वह संविधान के अनुच्छेद 14 से मिले समानता के अधिकार का उल्लंघन है। इसी आधार पर भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सुब्रमणियन स्वामी ने अलग अलग अदालतों में कई याचिकाएं दायर की हैं। उन्होंने उत्तराखंड में चार धाम देवस्थानम प्रबंधन का गठन करके चार धाम और 51 अन्य धार्मिक स्थलों का अधिग्रहण करने के सरकार के फैसले को चुनौती दी है। उन्होंने महाराष्ट्र में भी विट्ठल रुक्मिणी मंदिर के प्रबंधन को लेकर भी हाई कोर्ट में याचिका दी है।हिंदू धर्मस्थलों का नियंत्रण सरकारों के हाथ में होने या उनके प्रबंधन में सरकार के हस्तक्षेप से कई और विसंगतियां पैदा हो रही हैं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। संविधान हर व्यक्ति को अपनी धार्मिक आस्था को बिना डरे प्रकट करने और उसका प्रचार करने की अनुमति देता है। इसका लाभ उन धर्मों को होता है, जिनके धार्मिक संस्थान सरकारी नियंत्रण में नहीं हैं और जिनको मिलने वाले चंदे और दान का सारा नियंत्रण उस धर्म को मानने वाले निजी लोगों के हाथ में है। वे इसका उपयोग अपने धर्म के प्रचार, प्रसार में करते हैं। चर्च और मस्जिदों में मिलने वाले दान का इस्तेमाल ईसाई और इस्लाम धर्म के प्रचार में किया जाता है। लेकिन क्या हिंदू मंदिरों में मिलने वाले चंदे या दान का इस्तेमाल हिंदू धर्म के प्रचार, प्रसार में किया जाता है? वास्तविकता यह है कि मंदिरों में मिलने वाले चंदे और दान के एक हिस्से का इस्तेमाल तो मंदिर के प्रबंधन और प्रशासन के संचालन में होता है लेकिन धर्म के प्रचार में इसका इस्तेमाल नहीं किया जाता है। यहां तक कि धार्मिक मान्यताओं और करोड़ों लोगों की आस्था की रक्षा के लिए भी इसका उपयोग नहीं किया जाता है। अगर इसका उपयोग उचित तरीके से किया जाता तो क्या तिरुपति के मंदिर की अपनी एक प्रयोगशाला नहीं होती, जिसमें पूजा सामग्री और प्रसादम् में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं की गुणवत्ता नियमित रूप से जांची जाती। तिरुपति के मंदिर में हर साल औसतन 12 सौ करोड़ रुपए का चढ़ावा चढ़ता है। मंदिर के हजारों करोड़ रुपए बैंकों में जमा हैं। लेकिन मंदिर प्रबंधन के पास एक छोटी प्रयोगशाला नहीं है, जिसमें मंदिर में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं की गुणवत्ता जांची जा सके! यह कितने आश्चर्य की बात है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि मंदिर प्रबंधन का करोड़ों हिंदुओं की आस्था और धार्मिक मान्यताओं से कोई सरोकार नहीं है। उनके लिए मंदिर का प्रबंधन वैसे ही है, जैसे किसी कंपनी या कल कारखाने का प्रबंधन होता है। वे मशीनी अंदाज में सरकारी कामकाज करते हैं। जिस तरह के चर्च का प्रबंधन ईसाई धर्मगुरू करते हैं या मस्जिदों का प्रबंधन मुस्लिम धर्मगुरुओं, मौलानाओं के हाथों में होता है वैसे ही हिंदू मंदिरों का प्रबंधन हिंदू धर्मगुरुओं के हाथ में होना चाहिए। मंदिरों को मिलने वाले दान या चढ़ावे की रकम का ऑडिट हो, उसमें किसी को कोई समस्या नहीं है। आमदनी और खर्च का ब्योरा सार्वजनिक किए जाने में भी कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। लेकिन साथ ही मंदिर प्रबंधन को चंदे और दान की रकम का उपयोग धार्मिक स्थल की शुचिता की रक्षा करने और धर्म के प्रचार प्रसार में करने की स्वंतत्रता भी होनी चाहिए।

सरकारों को यह समझने की जरुरत है कि मंदिर कोई सरकारी या निजी संस्था नहीं हैं। हर मंदिर की एक मान्यता है। उसका इतिहास है। उसकी समृद्ध विरासत है। भारत में अनेक मंदिर ऐसे हैं, जिनकी स्थापना सैकड़ों, हजारों साल पहले हुई है। हजारों वर्षों से कोई एक धार्मिक समूह या एक परिवार उन मंदिरों का रखरखाव और प्रबंधन करता रहा है। सिर्फ इस आधार पर उनसे यह अधिकार नहीं छीना जा सकता है कि अब वह मंदिर बहुत बड़ा हो गया है और उसको बहुत ज्यादा चंदा या चढ़ावा मिलने लगा है। क्या इस आधार पर सरकार किसी निजी कंपनी का अधिकार अपने हाथ में ले सकती है कि उसकी कमाई बहुत हो गई है? अगर नहीं ले सकती है तो फिर मंदिरों के मामले में ऐसा क्यों किया जाता है। माता वैष्णो देवी के मंदिर का प्रबंधन सदियों से बारीदार संभालते रहे थे। वे दसवीं सदी से मंदिर का प्रबंधन संभालते थे। लेकिन मंदिर की मान्यता बढ़ी और भक्तों की भीड़ बढ़ी तो माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड बना कर बारीदारों से प्रबंधन का अधिकार छीन लिया गया है। उत्तराखंड के चार धाम से लेकर कश्मीर में माता वैष्णो देवी के मंदिर तक की एक कहानी है। ऐसा सिर्फ हिंदू मंदिरों के साथ क्यों होता है।

ऐसे ही हर हिंदू मंदिर की कुछ विशिष्ट धार्मिक मान्यताएं हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कई मान्यताएं वर्तमान समय के सामाजिक मूल्यों के संगत नहीं हैं। फिर भी उनमें बदलाव का फैसला सरकारी या अदालती आदेश से किया जाना क्या उचित है? सबरीमाला मंदिर में एक निश्चित आयु की महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। लेकिन छुआछूत और समानता के अधिकार का हवाला देते हुए न्यायालय द्वारा इस पूजा परंपरा को समाप्त करने का आदेश दिया गया। क्या इस तरह के आदेश अन्य धर्मों में प्रचलित मान्यताओं को समाप्त करने के लिए सरकार के स्तर से या न्यायपालिका के स्तर से दिए जा सकते हैं। ध्यान रहे सामाजिक या पारिवारिक मान्यताएं अपनी जगह हैं। उनको समय के हिसाब से बदला जा सकता है। जैसे सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक के नियम को असंवैधानिक घोषित कर दिया। लेकिन धार्मिक मान्यताएं और परंपराएं इस दायरे में नहीं आती हैं।बहरहाल, तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल की मिलावट का मामला समूचे हिंदू समाज की आस्था पर गहरा प्रहार है। लेकिन इस विवाद ने एक अवसर को जन्म दिया है। इससे सबक लिया जाना चाहिए और हिंदू धर्मस्थलों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाना चाहिए। उनका प्रबंधन हिंदू धर्म में गहरी आस्था रखने वाले और परंपराओं का सम्मान करने वाले धर्मगुरुओं के हाथ में सौंपी जानी चाहिए। उन्हें भी मंदिरों को मिलने वाले दान और चंदे का विवेकपूर्ण तरीके से धर्म के प्रचार, प्रसार में खर्च करने की अनुमति होनी चाहिए। उन्हें भी धार्मिक स्थलों का विकास करने की अनुमति होनी चाहिए। संविधान का अनुच्छेद 30 भाषायी और धार्मिक अल्पसंख्यकों को अपने शैक्षणिक संस्थान बनाने और उन्हें संचालित करने का अधिकार देता है। हिंदू धर्मस्थलों को भी इस तरह का अधिकार दिया जाना चाहिए कि वे अपने शैक्षणिक संस्थान स्थापित करें और उनका संचालन करें, जहां आधुनिक शिक्षा के साथ साथ धर्म, परंपरा और संस्कृति के पांच हजार साल पुराने इतिहास की भी शिक्षा दी जा सके।

# युद्ध कब तक चलेंगे, कुछ नहीं कहा जा सकता

//सत्येन्द्र रंजन//

**इजराइल ने लेबनान पर जमीनी हमले की शुरुआत कर दी है। विश्लेषकों के मुताबिक अब इस युद्ध का परिणाम इसी युद्ध पर निर्भर करता है। 2006 की तरह हिज्बुल्लाह ने इजराइल को विजयी नहीं होने दिया, तो इजराइल को हालात बेहद प्रतिकूल हो जाएंगे। लेकिन इजराइल जीता, तो फिर यह संभव है कि फिलहाल इस इलाके पर उसका वर्चस्व फिर कायम हो जाए। लेकिन क्या उससे मौजूद युद्ध थम जाएगा? पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध में सितंबर के दूसरे पखवाड़े में समीकरण नाटकीय रूप से बदले। निर्विवाद है कि इस अवधि में इजराइल ने बाजी पलट दी।**

सितंबर के पहले पखवाड़े तक सूरत यह थी कि इजराइल घिरा नजर आता था। गज़ा में उसके जारी नरसंहार से पास-पड़ोस में असीम आक्रोश था। उधर प्रतिरोध की धुरी' की युद्ध संघर्षण रणनीति कामयाब नजर आती थी। क्षय का युद्ध का अर्थ ऐसी जंग से समझा जाता है, जिसमें लंबी लड़ाई की रणनीति अपनाई जाती है। उस दौरान छोटे हमले जारी रखे जाते हैं, लेकिन खुल कर युद्ध यानी ऑल आउट वॉर नहीं होता। मकसद होता है, धीरे-धीरे दुश्मन की क्षमता को क्षीण करना, जिससे एक बिंदु पर जाकर पर वह समर्पण कर दे। अक्सर अपेक्षाकृत कमजोर ताकतें मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह रणनीति अपनाती हैं।

साल भर से (सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमलों के साथ मौजूदा युद्ध शुरू हुआ था) जारी युद्ध के दौरान 2इ्रुत्म् शद्ब इ्रुह्लह्लह्द्ध-ह्वद्बशठ्ठ की रणनीति खासी कामयाब साबित हुई। इस दौरान इजराइल की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई और उसके मनोबल पर बहुत खराब असर पड़ा। हकीकत यह है कि अमेरिका से वित्तीय और हथियारों की लगातार मदद नहीं मिलती, तो इजराइल की अंदरूनी व्यवस्था इस अवधि में ढह चुकी होती। इस सिलसिले में यह भी उल्लेखनीय है कि इस वक्त इजराइल के अंदर अभूतपूर्व सियासी बंटवारा और टकराव है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अलोकप्रियता चरम पर है।

इन स्थितियों में नेतन्याहू प्रतिरोध की धुरी' के खिलाफ ऑल आउट वॉर के लिए बेसब्र होते गए, तो यह बात समझी जा सकती है। उनके इस आकलन में दम है कि सिर्फ इसी तरीके से इजराइल अपना अस्तित्व बचा सकता है और वे अपना सियासी वजूद बचा सकते हैं। मगर दो हफ्ते पहले तक ऑल आउट वॉर के अपने खतरे थे। लेबनान स्थित हिज्बुल्लाह पिछले चार दशक में एक मजबूत अर्ध-सैनिक शक्ति बन कर उभरा है। 2006 के युद्ध में उसने इजराइल को बराबरी पर रोक लिया था, जिसे हिज्बुल्लाह की नैतिक जीत माना गया। अब मारे जा चुके हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरुल्लाह अपने समूह को पश्चिम एशिया की एक प्रमुख सैनिक एवं राजनीतिक इकाई में तब्दील करने में कामयाब रहे थे।

हिज्बुल्ला की उस प्रतिरोध की धुरी की प्रमुख भूमिका रही है, कहा जाता है कि जिसकी कमान ईरान के हाथ में है। हमास, यमन स्थित अंसारुल्लाह (हूती), इराक स्थित इराक रेजिस्टैंस फोर्स, और सीरिया स्थित राष्ट्रपति बशर अल-असद समर्थक समूह इस धुरी के अन्य सदस्य माने जाते हैं। इस धुरी की इकाइयां पूरे तालमेल के साथ काम करती हैं, ऐसा नहीं है, फिर भी मोटे तौर पर उनमें सहयोग रहता है।

तो सवाल यही है कि यह धुरी प्रभावशाली दिखते-दिखते अचानक कमजोर कैसे पड़ गई।

इस बारे में अब कुछ ठोस जानकारियां सामने चुकी हैं। सारा फर्क रहस्यमय परिस्थितियों में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में ईरान में तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत से पड़ा। रईसी समझौता-विहीन रुख वाले नेता थे। उन्हें उच्च-कोटि का रणनीतिकार माना जाता था। उनकी मौत के बाद ईरान में हुए चुनाव में उदारवादी और पश्चिम (यानी अमेरिका) के प्रति नरम रुख रखने वाले मसूद पेजेश्कियान राष्ट्रपति चुने गए। उनका नजरिया ही प्रतिरोध की धुरी के लिए फिलहाल घातक साबित हुआ है।

पेजेश्कियान के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने आए हमास के नेता इस्माइल हानिया की इजराइली खुफिया एजेंसियों ने तेहरान में हत्या करवा दी। तब ईरान ने इसका बदला लेने का एलान किया था। बताया जाता है कि ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्लाह खामेनई भी इस पक्ष में थे कि ईरान को जोरदार जवाब दिया जाए। लेकिन इसी बीच पश्चिमी देशों ने मध्यस्थता की। पेजेश्कियान उनकी बातों में आ गए। पश्चिम की तरफ से फॉर्मूला दिया गया कि अगर ईरान जवाबी हमला ना करे, तो वे (यानी अमेरिका) इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच शांति समझौता करवा देंगे, जिसके तहत इजराइल लेबनान पर हमले का इरादा छोड़ देगा।

पेजेश्कियान ने ये शर्त मंजूर कर ली। उन्होंने खामेनई की अवज्ञा करते हुए बदले की कार्रवाई का इरादा टाल दिया। उन्होंने हिज्बुल्लाह को संदेश भेज दिया कि इजराइल लेबनान पर हमला नहीं करेगा। बताया जाता है कि फिनलैंड के प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर स्टब ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई। समझा जाता है कि उन्होंने जो शांति फॉर्मूला दिया, उस पर ही विचार के लिए हिज्बुल्लाह नेता एक जगह इकट्ठे हुए थे, जिस समय इजराइली विमानों ने घोर बमबारी कर दी। इसमें हिज्बुल्लाह के सात सर्वोच्च नेता मारे गए।

अब पेजेश्कियान ने खुद कहा है- अमेरिका और यूरोप ने दावा किया था कि अगर ईरान इस्माइल हानिया की हत्या का जवाब देने में देर करे, तो गजा में युद्धविराम हो जाएगा। मगर उन्होंने झूठ बोला था।'

ईरान के अखबार ला पर्सियन ने यह खबर छापी है कि नसरुल्लाह के सही लोकेशन और उनके कार्यक्रम की जानकारी एक ईरानी खबरी ने ही इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद को दी। यह खबरी कौन था, इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया है कि ईरान में मोसाद की मौजूदगी खत्म करने के लिए सरकार ने एक मोसाद विरोधी एजेंसी बनाई थी। मगर इस एजेंसी का प्रमुख ही मोसाद का एजेंट निकला। क्या उसी एजेंट ने यह सूचना लीक की, इसको लेकर अटकलें लग रही हैं। हिज्बुल्लाह की हर सूचना का ईरानी एजेंसी के पास मौजूद होना सूचनाओं के स्वाभाविक आदान-प्रदान का हिस्सा रहा है।

ईरान का रुख बदल जाने की चर्चा नसरुल्लाह की हत्या के पहले ही चर्चित हो गई थी। लेबनान स्थित शिया मौलवी अली अल-हुसैनी ने उसके कुछ ही दिन पहले एक टीवी इंटरव्यू में कह दिया था कि नसरुल्लाह को अपना वसीयत लिख लेना चाहिए, क्योंकि ईरान उनसे ÷विश्वासघात÷ कर चुका है।

ईरान में इजराइली जासूसों की मौजूदगी पहले से थी। या कहें कि हमेशा रही है। इसी वजह से इजराइल तेहरान में हमास नेता की हत्या कर पाया। इसके अलावा गुजरे एक साल के अंदर ही ईरान के भीतर कई आतंकवादी हमले हुए। मगर अब यह निर्विवाद है कि ईरान के लोगों का पश्चिम के प्रति उदार नेता का राष्ट्रपति चुनना प्रतिरोध की धुरी के लिए घातक साबित हुआ है।

## तस्वीरों की दुनिया


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाओस के विएंतियाने पहुंचने पर लाओस के गृह मंत्री विलायवोंग बौड्डखम ने गर्मजोशी से स्वागत किया।


दिग्गज उद्योगपति और टाटा संस के एमेरिटस चेयरमैन रतन टाटा के पार्थिव शरीर को मुंबई के एनसीपीए लॉन में श्रद्धांजलि देते लोग। रतन टाटा का बुधवार रात निधन हो गया था।


मुख्य आयकर आयुक्त (सीसीआईटी) मुकेश वर्मा नई दिल्ली में 21वें अंतर्राष्ट्रीय कर सम्मेलन के दौरान बोलते हुए।


स्वयंभू बाबा सूरजपाल उर्फ भोले बाबा 2 जुलाई को हाथरस के फुलराई गांव में उनके कार्यक्रम के दौरान हुई भगदड़ की जांच कर रहे न्यायिक आयोग के समक्ष पेश होने के बाद लखनऊ से रवाना हुए।


हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में माता तारा देवी मंदिर में पूजा की।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाओस के गृह मंत्री विलायवोंग बौड्डखम के साथ वियनतियाने, लाओस में लाओ लोगों के राष्ट्रीय महाकाव्य फालक फालम की प्रस्तुति के बाद कलाकारों के साथ बातचीत करते हुए।


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा का कोलकाता पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

# अमेरिका में फ्लोरिडा तट से टकराया मिल्टन तूफान 32 लाख से अधिक लोग अंधेरे में रहने को मजबूर



**टैंपा, 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**

फ्लोरिडा में मिल्टन तूफान के कारण तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। कुछ हिस्सों में 18 इंच तक बारिश हुई। चार लोगों की मौत हो गई है। तूफान के कारण फ्लोरिडा के एक बड़े हिस्से में बिजली गुल हो गई है। 32 लाख से अधिक लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। 10 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा गया है। टैंपा और सेंट पीटर्सबर्ग में 60 प्रतिशत से अधिक गैस स्टेशनों में बुधवार रात गैस खत्म हो गई। तूफान के कारण 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं चलीं। हेलेन तूफान के तबाही मचाने के दो सप्ताह से भी कम समय बाद आए इस तूफान से लोगों की मुसीबतें और बढ़ गईं।फ्लोरिडा में तबाही मचाने के बाद तूफान मिल्टन गुरुवार को अटलांटिक महासागर में प्रवेश कर गया। गवर्नर रान डेसेंटिस ने कहा, तूफान से काफी नुकसान हुआ है। क्षेत्र में अभी भी आपातकालीन स्थिति है। अधिकारियों ने कहा कि खतरा अभी भी बना हुआ है। अधिकारियों ने लोगों से घर पर रहने का आग्रह किया है।

सेंट पीटर्सबर्ग में पानी की मुख्य लाइन टूटने के कारण शहर में सेवा बंद कर दी गई थी। निवासियों को घरों में नलों से पानी नहीं मिल पा रहा है। मेयर केन वेल्च ने लंबे समय तक बिजली कटौती और सीवर प्रणाली के बंद होने की आशंका जताई है। टैंपा के प्लांट सिटी में शहर में 13.5 इंच (34 सेमी) बारिश हुई थी। इससे कई स्थानों पर बाढ़ आ गई। आपातकालीन कर्मचारियों ने रात भर में 35 लोगों को बचाया।मिल्टन के पहुंचने से पहले बुधवार सुबह दक्षिणी फ्लोरिडा के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बवंडर आया। फ्लोरिडा के अटलांटिक तट पर फोर्ट पियर्स के पास स्पैनिश लेक्स कंट्री क्लब को विशेष रूप से भारी नुकसान हुआ, जिसमें घर नष्ट हो गए।सेंट लूसी काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि वहां बवंडर में चार लोग मारे गए। तट से टकराने के लगभग 90 मिनट बाद, मिल्टन को श्रेणी 2 के तूफान में डाउनग्रेड कर दिया गया।

## मुंबई में फिर मौसम ने ली खतरनाक करवट, आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश, पानी में डूबी सड़कें

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मौसम ने अचानक करवट ली और गुरुवार देर शाम मूसलाधार बारिश हुई। मुंबई के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ आंधी-तूफान और बिजली गिरी। हालात यह हुए कि कई जगहों पर सड़कें पानी से डूब गईं। वहीं, बारिश के कारण महानगर के कुछ निचले इलाकों में जलभराव की खबर है। अचानक हुई बारिश ने कई लोगों को हैरान कर दिया, क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने वित्तीय राजधानी में हल्की से मध्यम बारिश के लिए केवल येलो अलर्ट जारी किया था।बारिश के कारण चल रहे नवरात्रि उत्सव में भी बाधा आई और कई लोगों की गरबा की योजना भी खराब हो गई। मुंबई की एलफिंस्टन रोड इलाके में भारी बारिश के कारण जलभराव देखा गया। यही हाल प्रभादेवी स्थित एनएम जोशी मार्ग का भी रहा। इसी तरह कई इलाकों में पानी भरने की जानकारी है। इधर, कल के लिए यानी 11 अक्टूबर को भी मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान लगाया है।

# आसियान का चीन से तकरार, भारत से संबंध सुधारने का करार, पीएम बोले- आखिर हम पड़ोसी हैं



**नईदिल्ली, 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**

आसियान क्षेत्र के रिश्ते चीन व भारत के साथ किस तरह से आगे बढ़ रहे हैं इसकी एक स्पष्ट बानगी लाओस की राजधानी वियनतीयन में गुरुवार को देखने को मिली। दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के सभी 10 सदस्य देशों के प्रमुखों की बैठक चीन के पीएम ली शियांग के साथ हुई और इसके कुछ घंटे बाद इन नेताओं की मुलाकात भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ आसियान-भारत शिखर बैठक के दौरान हुई।दोनों बैठकों के बाद जारी बयान बताते हैं कि कैसे आसियान के देश के चीन की इस समूचे क्षेत्र में बढ़ती आक्रामकता से असहज व परेशान है तो दूसरी तरफ ये देश भारत के साथ कारोबारी, रक्षा व सुरक्षा संबंधों को और मजबूत करने करने को तैयार हैं। आसियान व भारत ने संयुक्त बयान जारी करके बताया है कि वह समुद्री सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करेंगे, रक्षा व सुरक्षा सहयोग प्रगाढ़ करेंगे और साझा सैन्य अभ्यास को बढ़ाएंगे। आसियान और भारत ने इस पूरे क्षेत्र में शांति, स्थिरता, समुद्री सुरक्षा, नौवहन व हवाई उड़ानों की आजादी व समुद्री इलाके के शांति पूर्ण इस्तेमाल पर बल देते हुए कहा है कि इससे जुड़ी किसी भी विवाद का संयुक्त राष्ट्र के तहत समुद्री कानून समझौते (यूएनक्लोज-1982) के तहत समाधान की वकालत की है। साथ ही साउथ चाइना सी में यूएनक्लोज के तहत निर्धारित आदेश व आचारसंहित को उसके सही मायने में लागू करने की वकालत संयुक्त बयान में की गई है।पीएम मोदी ने अभी आसियान के साथ अपनी बैठक में भाषण में कहा, हम एक दूसरे के पड़ोसी हैं, ग्लोबल साउथ के साथी सदस्य हैं। हम शांति प्रिय देश हैं, एक दूसरे की राष्ट्रीय अखंडता व संप्रभुता का सम्मान करते हैं। यह भी परोक्ष तौर पर चीन पर ही निशाना है जो साउथ चाइना सी में आसियान क्षेत्र के कई देशों के भौगोलिक हिस्सों पर दावा करता है।यह इसलिए महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2016 में यूएनक्लोज ने फिलीपींस व चीन के बीच साउथ चाइना सी में विवाद का फैसला फिलीपींस के पक्ष में किया था। चीन ने इससे मानने से साफ तौर पर इनकार कर दिया है। भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका, पश्चिमी देश, जापान समेत अधिकांश देश यहां यूएनक्लोज की तरफ से तय आचारसंहिता को लागू करने की बात करते हैं। आसियान-भारत के संयुक्त बयान के उलट चीन के साथ बैठक में आसियान के कई नेताओं ने साउथ चाइना सी से जुड़े विवादों के निपटारे के लिए यूएनक्लोज को लागू करने की वकालत की। जबकि इसी बैठक में चीन के पीएम ली शियांग ने यहां के क्षेत्रीय मुद्दों में बाहरी ताकतों पर हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया। प्राप्त सूचना के मुताबिक फिलीपींस और विएतनाम ने खास तौर पर हाल के दिनों में चीन के आक्रामक व्यवहार का मुद्दा उठाया। जल्द ही आसियान की अध्यक्षता संभालने वाले मलेशियाई पीएम अनवर इब्राहिम साउथ चाइना सी में आचार-संहिता के मुद्दे को शीघ्रता से फैसला करने का आग्रह किया है।उन्होंने यह भी कहा है कि इसमें हो रही देरी से आचार-संहिता संधि को स्वीकार करने को लेकर संदेह पैदा होता है।

दूसरी तरफ शियांग ने कहा कि बाहरी ताकतों के लगातार हस्तक्षेप से इस क्षेत्र में विवाद बढ़ रहा है और इस क्षेत्र के देशों की आर्थिक प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रहा है।गुरुवार को आसियान-भारत सम्मेलन में पीएम मोदी ने इन देशों के साथ भारत के रिश्तों को प्रगाढ़ करने के दस सूत्रीय सुझाव दिए। इसके तहत वर्ष 2025 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष घोषित किया और इसे बढ़ावा देने के लिए भारत की तरफ से 50 लाख डॉलर योगदान दिया। दोनों तरफ की जनता के बीच संपर्क का नया अभियान शुरू करना, वर्ष 2025 में आसियान-भारत एफटीए में संशोधन करने के अलावा हेल्थ सेक्टर में सहयोग को बढ़ाना, ग्रीन हाइड्रोजन में सहयोग बढ़ाने जैसे मुद्दों को पीएम मोदी ने शामिल किया है।

# पार्क में खेल रहीं बच्चियों से एक्सईएन ने की छेड़छाड़ लोगों ने पकड़कर पीटा, पुलिस को कॉलोनी में किया बंद

**मथुरा, 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**

मसानी रोड स्थित राधा ऑर्चिड कॉलोनी में महापौर विनोद अग्रवाल के खाली फ्लैट में किराये पर रह रहे नगर निगम के अधिशासी अभियंता मोद नारायण झा पर गुरुवार को कॉलोनी के पार्क में खेल रही बच्चियों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया जमकर हंगामा हुआ। महिलाएं सड़कों पर उतर हंगामा करने लगी, पुलिस को कॉलोनी के अंदर बंद कर बाहर से गेट बंद कर दिया। वाहनों का लंबा जाम लगा। महापौर के विरुद्ध भी जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने एक्सईएन को हिरासत में ले लिया। आधा घंटा बाद जाम खुल सका। राधा ऑर्चिड कॉलोनी में महापौर विनोद अग्रवाल रहते हैं। इसी कॉलोनी में उनका एक फ्लैट खाली है। यहां कुछ दिनों से नगर निगम के अधिशासी अभियंता मोद नारायण झा परिवार के साथ रह रहे थे। गुरुवार शाम करीब सात बजे कॉलोनी को दो बच्चियां पार्क में खेल रही थीं। आरोप है कि एक्सईएन पार्क में पहुंचे और बच्चियों से छेड़छाड़ की। बच्चियों ने अपने परिजनों से शिकायत की तो



पूरी कॉलोनी के महिला और पुरुष घरों से निकल आए और हंगामा करने लगे। लोग महापौर के पास पहुंचे और शिकायत की, इस पर महापौर ने सोसाइटी के अध्यक्ष और मंत्री से बात करने को कहा। इस पर लोगों का गुस्सा भड़क गया और महापौर के विरुद्ध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसी बीच पहुंची पुलिस ने पुलिस ने एक्सईएन को हिरासत में लेकर थाने चली गई। कुछ देर बाद पुलिस कॉलोनी फिर पहुंची तो महिलाओं ने कॉलोनी के अंदर थाना प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर व अन्य पुलिसकर्मियों को बंद कर दिया और बाहर से गेट पर ताला लगा दिया।

पुलिस चिल्लाती रही, लेकिन महिलाओं ने गेट नहीं खोला। हाईवे से मसानी चौराहा मार्ग पर कॉलोनी के बाहर महिलाओं ने रात करीब दस बजे जाम लगा दिया। कॉलोनी में लगा महापौर के बोर्ड पर उनका नाम मिटा दिया। एक्सईएन के विरुद्ध कार्रवाई और तत्काल फ्लैट खाली कराने की मांग की। सूचना पर सीओ सिटी प्रवीण मलिक रात साढ़े दस बजे मौके पर पहुंचे। उन्होंने गणमान्य लोगों के जरिए महिलाओं को समझाया और कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाम खुल सका। सीओ ने बताया कि एक्सईएन को हिरासत में ले लिया गया है, परिजनों से शिकायती पत्र मांगा गया है। रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। एक्सईएन बोध नारायण झा करीब दो माह पहले अयोध्या से स्थानांतरित होकर यहां आए थे। उन्हें नगर आयुक्त ने वृंदावन जोन का कार्यभार सौंपा था। वह तभी से महापौर के खाली फ्लैट में रह रहे थे।

## टीन की चादरों से बंद किया गया JPNIC का गेट, बिना अनुमति जाने पर अड़े अखिलेश बोले, 'सरकार इसे बेचना चाहती है

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के शुक्रवार सुबह बिना अनुमति के गोमतीनगर स्थित जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने पर अड़ गए हैं। अखिलेश यादव को 1090 चौराहा पर रोकने के लिए शुक्रवार सुबह सात बजे से यातायात पुलिस ने डायवर्जन कर दिया है। कोई भी यातायात 1090 चौराहा से गांधी सेतु होते हुए जेपीएनआईसी के आगे उद्यान चौराहा तक नहीं जा सकेगा। एलडीए ने जेपीएनआईसी के गेट को टीन की चादर से बंद कर दिया है। इसका वीडियो सपा अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि किसी को नमन करने या श्रद्धांजलि देने से रोकना सुसभ्य लोगों की निशानी नहीं है।इसके बाद गुरुवार देर रात जेपीएनआईसी के गेट के बाहर पहुंचे अखिलेश यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जेपीएनआईसी को बेचना चाहती है। गौरतलब है कि पिछले साल भी सपा को इस कार्यक्रम के लिए अनुमति नहीं मिली थी। तब अखिलेश यादव एलडीए की बनाई लोहे की चादर की आठ फीट की दीवार फांदकर जेपीएनआईसी के भीतर प्रवेश कर गए थे। इस बार सपा ने एलडीए को पत्र भेजकर जेपीएनआईसी में अखिलेश यादव के पुष्पांजलि के कार्यक्रम की सूचना भेजी थी। एलडीए सचिव ने सपा के प्रदेश कार्यालय को पत्र भेजकर कहा गया है कि सुरक्षा कारणों से उनको अनुमति नहीं दी जा सकती है। अखिलेश यादव के विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास से जेपीएनआईसी तक पड़ने वाले सभी नौ कट को बैरिकेडिंग से बंद करने की तैयारी है।

# पराली जलाने पर अब जाना पड़ेगा जेल, सीएक्यूएम ने जिला अधिकारियों को दिए विशेष अधिकार, सुप्रीमकोर्ट ने लगाई थी फटकार

**नईदिल्ली, 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**

पराली जलाने पर अब किसानों को न सिर्फ कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा बल्कि जेल भी जाना पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बिल्कुल सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। साथ ही पराली जलाने की घटनाओं पर पूर्णतया रोक लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन अधिनियम 2021 की धारा 14 (2) के तहत सीएक्यूएम ने बृहस्पतिवार को हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के सभी जिला अधिकारियों को विशेष अधिकार प्रदान किए हैं। आयोग के सदस्य सचिव अरविंद नौटियाल द्वारा उक्त राज्यों के मुख्य सचिवों को जारी किए गए निर्देशों में पराली जलाने की घटनाएं पूरी तरह से खत्म करने को कहा गया है।जिला उपायुक्त, जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट को स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि अगर कहीं भी पराली जले तो दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस में एफआइआर दर्ज कराने के साथ- साथ सख्त



कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। यहां तक कि इस दिशा में लापरवाही बरतने के लिए छोटे-बड़े हर स्तर के अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।सीएक्यूएम ने एनसीआर में शामिल सभी राज्य सरकारों को भी धान की पराली जलाने पर हर हाल में रोक लगाने का निर्देश दिया है।

इसके लिए निगरानी व कार्रवाई दोनों ही बढ़ाने को कहा गया है।गौरतलब है कि फिलहाल भले ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के निवासी साफ हवा में सांस ले रहे हों, लेकिन जल्द ही यह राहत हवा हो जाएगी। वजह, पराली जलने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है। बृहस्पतिवार तक उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में ऐसी 772 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हवा की उत्तर पश्चिमी होने लगी है। ऐसे में जल्द ही पराली का धुआं एनसीआर के निवासियों की सांसें उखाड़ना शुरू कर देगा। बता दें कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में हर साल पराली जलाने के मामले सामने आते हैं। हर साल किसानों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन इसके बावजूद भी लोग मानने को तैयार नहीं है। अब इसे लेकर कार्रवाई का सख्त आदेश दिया गया है।

# विवेक यादव अपहरण-हत्याकांडः पुलिस ने चार-पांच गांवों में दी दबिश, 35 से अधिक हिरासत में, घर-घर पहुंचे एसपी



**जौनपुर, 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**

फास्ट फूड के बकाया सिर्फ 180 रुपये न देने पर मुंगरमू निवासी विवेक यादव का अपहरण कर हत्या की घटना से परिजनों में आक्रोश था। पुलिस के दो नामजद आरोपियों में से एक को हिरासत में ले लिए जाने और दूसरे की तलाश में लगातार दबिश दिए जाने से स्थिति सामान्य हो रही थी, लेकिन राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए मौका तलाशने वाले ने ग्रामीणों को उकसाने में कामयाब हो गए। उन्हीं के भड़काने पर ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह शव निगोह तिराहा पर रखकर रास्ता जाम कर हिंसक रूप ले लिया। पथराव और बवाल करने वाले 35 से अधिक लोगों को चार-पांच गांवों से पुलिस हिरासत में ले चुकी है। दो प्रधानों की भी पुलिस तलाश में है। पूरे उपद्रव के सूत्रधार यही माने जा रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि रास्ता जाम, पथराव व उपद्रव के दौरान पुलिस प्रशासन ने बहुत धैर्य का परिचय दिया। पुलिस यदि संयम खो देती तो स्थिति और विकट हो जाती। पथराव के दौरान भी अधिकारी ही नहीं, पुलिस जवान भी बचाव की ही मुद्रा में रहे। हालात नियंत्रित करने के लिए जरूरी हो जाने पर ही हल्का बल प्रयोग किया। इसके बाद शांति व्यवस्था बनाए रखने को निगोह बाजार में भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। दहशत के माहौल के कारण बाजार की दुकानें पूरी तरह बंद हैं। गहली, निगोह, पाली व मंगरमू में पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ ताबड़तोड़ दबिश देकर 35 से ज्यादा उपद्रवियों व उन्हें उकसाने वालों को हिरासत में ले चुकी है। उपद्रव में शामिल व उकसाने वाले अब पुलिस का शिकंजा कसता देख भागे-भागे फिर रहे हैं। देर रात तक मुकदमा दर्ज किए जाने की तैयारी चल रही है।बाजार में दोनों तरह से जब उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव शुरू किया तो बचते हुए एएसपी ग्रामीण शैलेंद्र सिंह अपनी गाड़ी से गिर गए।

# उत्तर प्रदेश में महंगी नहीं होगी बिजली, 3 करोड़ उपभोक्ताओं को दीपावली से पहले बड़ी राहत

**लखनऊ।** महंगाई की मार झेल रहे 3.45 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं के लिए दीपावली से पहले राहत भरी खबर है। चालू वित्तीय वर्ष में भी बिजली की दरें नहीं बढ़ेंगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों की दलीलों को खारिज करते हुए मौजूदा बिजली दरें यथावत बनाए रखने का आदेश दिया है। घरेलू बिजली की अधिकतम दर 6.50 रुपये यूनिट बनी रहेगी। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) के उपभोक्ताओं की बिजली भी पहले की तरह 10 प्रतिशत सस्ती बनाए रखी गई है। घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं को छोड़कर अन्य के लिए आयोग ने अब आठ पैसे घटाकर 36 पैसे प्रति यूनिट ग्रीन टैरिफ तय किया है। नया टैरिफ ऑर्डर अखबार में प्रकाशित होने की तिथि से सात दिनों बाद लागू हो जाएगा। बिजली की मौजूदा दरें सितंबर 2019 से लागू हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद बिजली की दरों में औसतन 11.69 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। दरें न बढ़ने से शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की अधिकतम बिजली दर जहां 6.50 रुपये प्रति यूनिट बनी रहेगी वहीं ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की दर 5.50 रुपये प्रति यूनिट तक होगी।बिजली कंपनियों द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नियामक आयोग में 1,01,783.45 करोड़ रुपये का एआरआर (वार्षिक राजस्व आवश्यकता) प्रस्ताव दाखिल कर मौजूदा बिजली दरों से 11,203 करोड़ रुपये का राजस्व गैप दिखाया गया था।

# रतन टाटा को उनके पालतू डॉग ने दी भावुक विदाई, अपने मालिक को कुछ यूं निहार रहा था गोवा

**मुंबई, 11 अक्टूबर [एजेंसी]।**

रतन टाटा का गोद लिया आवारा कुत्ता गोवा गुरुवार को नेशनल सेंटर फार परफार्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) में अपने संरक्षक के अंतिम दर्शनों के लिए उपस्थित हुआ। गोवा के केयरटेकर उसे दिवंगत रतन टाटा से आखिरी बार मिलवाने के लिए लाए थे।गोवा के केयरटेकर ने बताया कि वह कुत्ता गोवा राज्य से लाए जाने के बाद से 11 साल से भी अधिक समय से टाटा परिवार के साथ है। उन्होंने बताया कि जब वह लोग गोवा एक पिकनिक पर गए थे, तब सुरक्षा गार्ड उसे लेकर आया था। रतन टाटा को वह बहुत प्रिय था। उसे गोवा से लाने की वजह से उसका नाम गोवा पड़ा।टाटा ने कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर बताया था कि जब वह गोवा



गए थे तो एक आवारा कुत्ता उनकी गाड़ी का पीछा करने लगा। तभी उन्होंने उसे गोद ले लिया और मुंबई ले आए और उसे बांबे हाउस में अन्य कुत्तों के साथ शरण दी। उद्योगपति रतन टाटा सिर्फ भारतीय औद्योगिक विकास में योगदान के लिए ही प्रख्यात नहीं हैं, बल्कि उन्हें पशु प्रेम खासकर आवारा कुत्तों से विशेष स्नेह के लिए भी जाना जाता है। रतन टाटा ने देश के विभिन्न हिस्सों से करीब 11 आवारा कुत्तों को गोद लिया है और वह सक्रिय रूप से पशु प्रेमियों का समर्थन करते थे।टाटा ने आवारा कुत्तों के मुफ्त इलाज के लिए मुंबई में एक छोटा पशु अस्पताल (एसएएचएम) भी खुलवाया था।मुंबई स्थित यह पशु चिकित्सालय सभी सुविधाओं से लैस है और बहुत से आवारा कुत्तों और बिल्लों को यहां निशुल्क सेवाएं मिलती हैं। यहां तक कि टाटा समूह का मुख्यालय बांबे हाउस भी आवारा कुत्तों का स्वर्ग बन चुका है। यहां पर स्थायी रूप से 11 कुत्ते रहते हैं।वर्ष 2018 में बांबे हाउस की पहली मंजिल पर कुत्तों का देखभाल केंद्र खोला गया था। यहां पर उनके लिए खास कमरा है, जहां सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड व एमआरआई सरीखी सुविधाएं हैं और कुत्तों को नहलाने की भी सुविधा है।

कुछ आवारा कुत्ते यहां स्थायी रूप से रहते हैं। जबकि बाकी यहां समय-समय पर आकर सुविधाओं का लाभ पाते हैं। टाटा पशु प्रेमियों से निजी तौर पर भले ही न मिले हों, लेकिन वह उन्हें जानते थे और उनकी मदद भी करते थे। स्नेहा विसारिया फोर्ट एरिया में 150 बिल्लियों व 60 कुत्तों को खाना खिलाती हैं। वह हर रोज बांबे हाउस में गोवा, बुशी, स्वीटी व छोटू आदि से भी मिलती हैं। विसारिया ने बताया कि रतन टाटा सीसीटीवी कैमरे से कुत्तों की देखरेख पर नजर रखते थे। वह लोगों से इंस्टाग्राम पर भी बरसात के दौरान गाड़ी स्टार्ट करने से पहले उसके नीचे शरण लिए कुत्तों का ध्यान रखने की अपील करते थे।

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के आतिथ्य में रास गरबा का हुआ शुभारंभ

### फुलझड़ियों की रोशनी से जगमगाया स्टेज तो माता की आरती के बाद सौपा गया एंकर मोनिका सरकार को स्टेज





**चिरमिरी।** नवरात्रि के पावन अवसर पर चिरमिरी में लाइव आर्केस्ट्रा और गरबा का धूम तीन दिनों तक चलेगा। इस आयोजन में मूर्त रूप रास गरबा आयोजन समिति चिरमिरी की के द्वारा दिया गया। लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम गोदरीपारा में रास गरबा 2024 का आगाज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के पूजन से आरंभ हुआ, दूधिया रोशनी और फुलझड़ियो के सतरंगी प्रकाश ने कार्यक्रम स्थल के माहौल को रंग देने का काम किया।

विदित हो कि मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल गरबा कार्यक्रम के आगाज से पूर्व शक्ति की देवी मां दुर्गा की आरती की और कार्यक्रम की प्रस्तुति देने आए कलाकारों से मुखातिब हुए। इसके साथ ही उन्होंने सभी को नवरात्रि की बधाई देते हुए कहा कि कूंछ समय पहले से यह चर्चा हो रहा था कि इस वर्ष गरबा होगा की नही लेकिन मैंने निश्चय किया कि इस क्षेत्र में जो भी हमारे सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए चाहे वो खेल कूद हो, चाहे शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम हो, धार्मिक कार्यक्रम हो, आध्यात्मिक कार्यक्रम हो, रचनात्मक कार्यक्रम हो उन सब को बढ़ाने का काम हम और हमारे पार्टी के लोग करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि क्षेत्र के विकास के लिए चाहे वो डैपलमेंट हो या फिर अन्य क्षेत्रों में डैपलमेंट की बात हो जिनका मैने जिक्र किया इस क्षेत्र को अग्रणी क्षेत्र बनाने का और राज्य में अब्बल स्थान पर पहुंचाने का हमारा प्रयास रहेगा। यैसे कार्यक्रम से न केवल सांस्कृतिक अपितु आसपास के जो वातावरण भी संतुलित और विशुद्ध होते है इसलिए आइए हम सब मिलकर इस चिरमिरी के ऐतिहासिक धरोहर को और सुंदर बनाने के लिए मिलकर सब लोग प्रयास करे। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भाजपा के कार्यकर्ताओं का अभिनंदन और बधाई देते हुए कहा कि मैं जलेबी खाने के लिए आमंत्रित करता हु कि हमारे हरियाणा ने ऐतिहासिक भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनी है। ज्ञात रहे कि आयोजित रास गरबा महोत्सव 2024 - पंखिड़ा का कार्यक्रम 08 और 09 अक्तूबर को लाइव आर्केस्ट्रा और गरबा, बाइस आफ महाकौशल एवं वाइस ऑफ रेवाखंड द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जा रही है, वही10 अक्तूबर को लाइव डीजे बैंड, डीजे रुचि तिवारी, इंदौर एवम डीजे सैम, मुंबई तथा एंकर मोनिका सरकार मुंबई अपना जलवा बिखेरेंगी।

रास गरबा महोत्सव 2024- पंखिड़ा में वाइस ऑफ रेवाखंड दामिनी तिवारी, डीजे रुचि तिवारी इंदौर, वाइस ऑफ महाकौशल शरद मालिक, डीजे सैम मुंबई और एंकर मोनिका सरकार मुंबई के द्वारा उपस्थित गरबा प्रेमी नारी शक्तियों को गरबा करने के गुर भी सीखा रहे है ताकि गरबा का पूर्ण आनंद गरबा प्रेमी ले सके। तीन दिवस तक चलने वाले इस आयोजन में वीआईपी और पत्रकारों के बैठने की विशेष व्यवस्था बनाई गई है ताकि गरबा के दौरान स्वस्थ्य मनोरंजन का लाभ लिया जा सके। आगाज के दिन से हजारों की उपस्थित भीड़ ने शहर का माहौल हो बदल दिया है, दूर दूर से गरबा प्रेमी कार्यक्रम स्थल पहुंच रहे है। माना जा रहा है कि गरबा का दूसरा और तीसरा दिन काफी रोमांचक और अद्भुत होगा। फिलहाल आयोजनकर्ताओं सहित स्वास्थ्य मंत्री ने शहर वासियों से अपील किया है कि नवरात्रि की बेला पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य मनोरंजन का लाभ लेवें।

# करमा महोत्सवः कलेक्टर ने ली बैठक, दिये दिशा-निर्देश

### आदिवासी संस्कृति व लोकपर्व की महत्ता को आम लोगों तक पहुंचाने के जिला प्रशासन प्रतिबद्ध-श्रीमती त्रिपाठी

**कोरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर एवं सरगुजा सम्भाग में करमा महोत्सव आयोजित करने की घोषणा विगत दिनों किए थे। इस तारतम्य राज्य शासन ने करमा महोत्सव के सम्बंध विस्तृत रूपरेखा भी जारी की है। राज्य शासन के निर्देश पर सरगुजा संभाग में करमा महोत्सव के आयोजन के सम्बंध में संभागायुक्त जी.आर. चुरेन्द्र ने जिला कलेक्टरेट अम्बिकापुर के एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सम्भाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक ली।


बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य की जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से करमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि महोत्सव का आयोजन ग्राम पंचायत, विकासखण्ड, जिला तथा राज्य स्तर पर किया जाना है। ग्राम एवं विकासखण्ड स्तर के आयोजन सम्बन्धित जिले में किए जाएंगे, वहीं जिला एवं राज्य स्तर का आयोजन सरगुजा जिले के अम्बिकापुर में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम एवं विकासखण्ड स्तर के आयोजन के लिए सभी जिले अभी से तैयारी शुरू कर लें। आयोजन के दौरान उत्सव का माहौल हो, सभी आयु वर्ग के लोगों को इसमें शामिल करें। उन्होंने इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी, समाज प्रमुखों व विशिष्ट नागरिकों को आमंत्रित कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों में निर्णायक समिति बना ली जाए। बैठक में आयुक्त श्री चुरेन्द्र ने कहा कि जिला एवं राज्य स्तर का आयोजन सरगुजा जिले के अम्बिकापुर में किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर के चयनित प्रतिभागी जिला स्तर में अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसके बाद जिला स्तर के चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर में हिस्सा लेंगे। उन्होंने सभी जिले के कलेक्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिभागियों के आवागमन सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी पूर्व में सुनिश्चित कर लें। इसी कड़ी में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने चार चरणों मे होने वाले करमा महोत्सव के सम्बंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित बैकुंठपुर के एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, सोनहत एसडीएम राकेश कुमार साहू एवं सहायक आयुक्त श्रीमती उषा लकड़ा सहित जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक जिला पंचायत, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं मंडल संयोजको की उपस्थिति में करमा महोत्सव के आयोजन ग्राम स्तर, विकासखण्ड स्तर से लेकर जिला स्तर तक सफलता पूर्वक कराने के सम्बंध महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए हैं। इन अधिकारियों को अलग-अलग कार्यों के लिए जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सम्बंधित अधिकारियों से कहा है कि जिले व राज्यस्तर तक करमा नर्तक दलों को पहुंचाने के लिए इन दलों को बेहतर प्रस्तुति करने के बारे में प्रोत्साहित करें, ताकि इस लोक नृत्य करमा के माध्यम से जिले पुरस्कृत हो, इन दलों को सम्मान मिले और इस जिले की करमा नृत्य की पहचान राज्य स्तर पर सराहा जा सके। कलेक्टर ने इस बात पर भी विशेष बल दिया कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप ग्राम व विकासखण्ड में करमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, आदिवासी संस्कृति व लोक पर्व की महत्ता को आम लोगों तक पहुंचाने के जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। बता दें सरगुजा संभाग के 7 जिलों में यह आयोजन चार चरणों में संपन्न होगा। कोरिया जिले में 17 अक्टूबर को ग्राम पंचायत स्तर पर, 21-22 अक्टूबर को विकासखंड स्तर पर, 25 व 26 अक्टूबर 2024 को जिला एवं राज्यस्तर पर यह आयोजन अम्बिकापुर में किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर निर्णायक समिति में प्रधान पाठक अथवा स्थानीय स्कूल के सहायक शिक्षक अध्यक्ष होंगे, विकासखण्ड स्तर पर प्राचार्य, स्थानीय हायर सेकेंडरी स्कूल अध्यक्ष होंगे, जिला व राज्यस्तर पर सहायक संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, मुख्यालय रायपुर अध्यक्ष होंगे। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 1 लाख रुपए, द्वितीय स्थान को 51 हजार रुपए और तृतीय स्थान को 31 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जबकि अन्य प्रतिभागी टीमों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 5,100 रुपए दिए जाएंगे।

## कृषि मंत्री की पहल पर करोड़ रूपए मंजूर

**बलरामपुर।** किसान कल्याण एवं आदिम जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम की विशेष पहल पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के पांच विकासखण्डों में स्वीकृति मिली है। इन पांचों महतारी सदन के लिए एक करोड़ 23 लाख 50 हजार रूपए की मंजूरी दी गई है।

जिले के जिन विकासखण्डों में महतारी सदन निर्माण की मंजूरी मिली है इनमें बलरामपुर विकासखण्ड के ग्राम महराजगंज, रणहत, पस्ता-पाढ़ी और डौरा तथा विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम त्रिकुण्डा शामिल है। इसमें प्रत्येक महतारी सदन निर्माण की लागत 24 लाख 70 हजार रूपए है। महतारी सदन निर्माण की स्वीकृति पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए मंत्री श्री नेताम और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# रियासत काल से वनांचल वासियों में पूज्यनीय है मां महामाया और माता चांग देवी






**एमसीबी।** जिले के मनेन्द्रगढ़ निवासी इतिहासकार डॉ विनोद पांडेय बताते हैं कि सरगुजा समूह की रियासतों में सर्व मंगला, महामाया, भवानी, खुड़िया रानी, सिसरंगा, रमदइया,कुदरगढ़ी, महारानी के नाम से इस क्षेत्र में देवी पूजनीय थी। ना केवल शासक वर्ग में बल्कि वनवासी जनजातीय के द्वारा भी भिन्न-भिन्न रूपों में माता की पूजा आराधना प्राचीन समय से किया जाता रहा है। मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले में चांगदेवी एवं चनवारीडॉड रतनपुर में माँ महामाया की पूजा अर्चना रियासत काल से की जा रही है। चांगदेवी जनकपुर मनेंद्रगढ़ जिला मुख्यालय से 120 किलोमीटर दूर कठौतिया- केल्हारी जनकपुर होकर भगवानपुर चांगदेवी के मंदिर पहुंचा जाता है। यह चांगभखार रियासत ही नहीं बल्कि कोरिया नरेश की कुलदेवी भी है। कोरिया और चांगभखार के अधिश्वरों का कुल एक ही है। वास्तव में प्राचीन समय में मूर्ति 6 सेंटीमीटर मोटी एक पत्थर की शीला थी जिसे मूर्ति का रूप दिया गया है। यह प्रतिमा कलचुरी शिल्प कला की प्रतीक मानी जाती है जिसे कालांतर में स्थानीय जनों द्वारा मंदिर का स्वरूप दिया गया। इस वर्ष नवरात्रि में भी 205 घी के तथा 110 तेल के ज्योति कलश स्थानीय भक्तों द्वारा अपने मनोकामना को पूर्ण करने के लिए जलाए गए हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर मनेंद्रगढ़, चिरमिरी होकर चनवारीडांड महामाया मंदिर पहुंचा जाता है। इस मंदिर के विषय में किवदंती है कि खडगवा जमीदार राघव प्रताप सिंह को रतनपुर बिलासपुर मां महामाया का पूजा अर्चना करने के लिए जाना पड़ता था। खडगवां जमीदार राघव प्रताप सिंह के पिता को देवी ने सपने में आदेश दिया कि तुम्हारे क्षेत्र के लोगों को मेरे दर्शन करने के लिये इतनी दूर जाना पड़ता है। यदि तू मेरी एक मूर्ति बनाकर यहां ले आए तो मैं उसमें विराजमान हो जाऊंगी जिसे तुम अपने क्षेत्र में स्थापित कर मेरी पूजा अर्चना करना। उसके बाद जमीदार द्वारा मूर्ति को खडगवां लाने का प्रयास किया गया लेकिन मूर्ति किन्ही कारण से खड़गवा नहीं लाई जा सकी तथा वहीं मूर्ति बनाकर जमीदार तथा स्थानीय जनो द्वारा पूजा अर्चना करना प्रारंभ कर दिया गया। इस मंदिर में प्रतिदिन बैगा पुजारी द्वारा पूजा किया जाता है। कहा जाता है कि नवरात्रि की अष्टमी में स्थानीय जमींदार परिवार द्वारा पूजा किया जाता है। इस वर्ष 1470 घी एवं तेल के ज्योति कलश की स्थापना स्थानीय भक्तजनों द्वारा की गई है। दिनों दिन इस मंदिर की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है तथा आसपास के अलावा अन्य जिलों के लोग भी बड़ी संख्या में दर्शन करने आते हैं।



## तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जन-जागरुकता रैली, जिन्दगी चुनो, तम्बाकू नहीं

**कोरिया।** जिला स्वास्थ्य समिति, कोरिया के तत्वावधान में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत (राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम) तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति 9 अक्टूबर को जिला अस्पताल, बैकुंठपुर से घड़ी चौक तक जनजागरुकता रैली का आयोजन किया गया। ''जिंदगी चुनो तंबाकू नहीं'' थीम पर आधारित इस जन जागरूकता रैली में आम लोगों से अपील करते हुए कहा गया कि तम्बाकू सेहत के लिए जितना हानिकारक है, उतना ही परिवार समाज के लिए भी नुकसानदायक है। छात्र-छात्राओं ने युवाओं और समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नशा, तम्बाकू से दूर होना होगा, तभी समाज व राज्य सशक्त होगा। रैली में सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी सहित समाज कल्याण विभाग व स्वास्थ्य कर्मियों, नर्सिंग शिक्षक-शिक्षिकाओं, अधिकारी, कर्मचारी व छात्र- छात्राएं शामिल हुए।

## दुकानों के संचालन को लेकर जारी की गई एडवाइजरी

**सूरजपुर।** जिले में संचालित समस्त स्थायी व अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव एवं सावधानी के लिये नगर सेना अग्निशमन एवं आपात कालीन सेवाएं तथा एसडी आरएफ मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा एडवाइजरी जारी किया गया है। जांच के दौरान इन तय किए गए नियमों का पालन नहीं करने पर छ.ग. अग्निशमन आपात कालीन सेवा अधिनियम 2018 व छत्तीसगढ़ एवं आपात कालीन नियमावली 2021 के तहत कार्यवाही किया जायेगा।

## अपहरण कर फिरौती के लिए घोंट दिया था बालक का गला

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के बलंगी पुलिस चौकी के ग्राम तोरफा निवासी 10 वर्षीय बालक बृजेश कुमार पाल की गला घोंट कर हत्या की गई थी। मृतक के पिता द्वारा मोटरसाइकिल खरीदी करने की तैयारी पर आरोपित रवि पाल (19) ने अपचारी बालक के साथ मिलकर फिरौती वसूली की योजना बनाई थी। योजना के तहत मृतक को जंगल में कैद कर रखना था। विरोध करने पर आरोपित ने बालक का गला घोंट दिया था। इसी कारण उसकी मौत हो गई थी। पुलिस का दावा है कि ढलान में शव था। गले को जोर से दबाने के कारण वह अलग हो गया था। गला काट कर हत्या नहीं की गई थी।

बलरामपुर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने बताया कि छह सितंबर को बालक का सड़ा-गला शव मिलने के बाद पुलिस टीम ने गांव वालों से पूछताछ की। पूछताछ में संदेही के रूप में मृतक के घर के नजदीक ही रहने वाले रवि पाल का नाम सामने आया। वह लगातार अपना बयान बदल पुलिस को गुमराह करने का प्रयास कर रहा था। इससे पुलिस का संदेह गहरा गया। जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो वह टूट गया। उसने फिरौती की मंशा से अपचारी बालक के साथ मिलकर बालक का गला घोंट कर हत्या करना स्वीकार कर लिया। मामले में अपचारी बालक को भी हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस जांच में पता चला कि घटना दिवस दो अक्टूबर की शाम लगभग चार बजे जब बालक बृजेश पाल के घर कोई नहीं था तब विधि से संघर्षरत बालक द्वारा उसे खेलने के बहाने बुलाया गया। बालक को नदी किनारे जंगल की ओर ले गया। वहां रविपाल पहले से मौजूद था। बालक के पिता से फिरौती मांगने के उद्देश्य से बालक को जबरन जंगल के अंदर ले जाना चाहा। बालक द्वारा प्रतिरोध करने पर आरोपित रविपाल ने गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। बालक की जान नहीं निकलने पर उसी के पहने शर्ट का फंदा बनाकर बालक के गले में डालकर गला घोंट दिया था। इससे उसकी मौत हो गई थी। विधि से संघर्षरत बालक ने भी हत्या करने में सहायता की थी। आरोपित रवि पालने बताया कि मृतक बालक के पिता ने कुछ दिन पहले मोटर साइकिल लेने की बात कही थी, जिस पर उन्हें लगा था कि बालक के पिता के पास नकदी है। यदि वे उसके बेटे को कब्जे में रखकर फिरौती मांगेंगे तो वह दे देगा। लेकिन बालक को जंगल की ओर ले जाने के प्रयास में उसने विरोध शुरू किया और उसकी हत्या हो गई। हत्या होने तथा गांव में लगातार खोजबीन व पुलिस का दबाव देखकर फिरौती मांगने का साहस नहीं जुटा पाए।

# राष्ट्रीय राजमार्ग में बतौली के पास तड़के हुई दुर्घटना, दो मृत, इतने ही घायल मृतकों में एक युवक, एक युवती



**बतौली।** अम्बिकापुर-पत्थलगांव राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में बतौली कुनकुरी के पास गुरुवार सुबह बड़ी दुर्घटना घटित हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुबह साढ़े पांच बजे बतौली से तेजरफ्तार टियागो कार क्रमांक सीजी 15डीपी 3420 में दो युवक दो युवती सवार होकर कूड़ोपारा सिलमा जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 कुनकुरी मुख्य मार्ग में सीतापुर तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक ओडी 16 डीएम 3138 के सामने से जा भिड़ी।

इस भीषण सड़क हादसे में कार चला रहे कुनकुरी निवासी 19 वर्षीय दुष्यंत तिग्गा पिता हरिया तिग्गा और सामने बैठी ग्राम भटकों निवासी पूर्णिमा एक्का पिता बालम एक्का उम्र लगभग 17 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार के पीछे सीट में बैठे काराबेल निवासी अनुज तिर्की पिता जेम्स तिर्की उम्र 19 वर्ष और भटको निवासी रेनूका तिर्की पिता जमीरसाय उम्र 18 वर्ष कार में फंसे रहे जिनका पैर दबा हुआ था। दोनों को 112 टीम के राजु कुजूर और आशीष एक्का सहित ग्रामीण जनों द्वारा कार के गेट को तोड़कर बाहर निकाला गया जिन्हे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली में भर्ती कराया गया। गंभीर अवस्था के कारण दोनों घायल युवक युवती को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। घटना पश्चात ट्रक ड्राइवर गाड़ी को बीच सड़क में लॉक कर मौके से फरार हो गया। कार में पेंट भी रखा हुआ था। घटना के बाद पेंट से घायल सहित मृतक सभी पेंट से रंग गए। इन्हें बड़ी मुश्किल से कार से बाहर निकाला जा सका। कार बतौली खड़धोवा निवासी शिक्षक सुखसाय पैकरा की बताई जा रही है। उनका पुत्र जयकिशन सुबह घूमने निकला था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अपने दोस्त बतौली कुनकुरी निवासी दुष्यंत से हुई जो अपने साथी अनुज ,रेनूका , पूर्णिमा के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। जयकिशन से कार मांग कर दुष्यंत अपने दोस्त काराबेल निवासी अनुज को कूड़ोपारा सिलमा छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना में मृत पूर्णिमा एक्का अपने पिता की इकलौती बेटी थी जो हर सुबह मॉर्निंग वॉक हेतु अपनी सहेली रेनूका के साथ निकलती थी। दोनो छात्राएं शासकीय बालक उत्तर माध्यमिक विद्यालय बतौली में 11वीं 12वीं में पढ़ती थी।

# सजग कोरबा अभियान के तहत सायबर जन-जागरूकता पखवाड़ा आयोजित

## अभियान चलाकर लोगों को किया जा रहा है जागरूक

**कोरबा।** प्रभारी कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में सजग कोरबा के तहत सायबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 10 अक्टूबर को थाना थाना सिविल लाइन रामपुर एवं सायबर सेल कोरबा पुलिस द्वारा राजेंद्र प्रसाद नगर फेस 01 एवं महाराणा प्रताप नगर के दुर्गा पंडाल में 2500 लोगों, थाना बांकीमोंगरा पुलिस द्वारा कटाइनार के दुर्गा पंडाल में 150 लोगों, थाना लेमरू पुलिस द्वारा नकिया में 200 ग्रामिणों, थाना कटघोरा द्वारा कटघोरा के दुर्गा पंडाल में 300 ग्रामीणों, सर्वमंगला पुलिस चौकी द्वारा सर्वमंगला मंदिर में 70 श्रद्धालुओं को सायबर अवेयरनेस पाम्पलेट वितरण कर बढ़ते साइबर क्राईम के बारे में बताया गया। कहा गया की सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर सुरक्षा एवं प्राईवेसी को ध्यान में रखते हुये सावधानी पूर्वक सोशल मीडिया में व्यवहार करने के संबंध में सोशल मीडिया में अनजान लोगो को रियल लाईफ में सत्यापन किये बिना उनका फ्रेंडशीप रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करे।

अगर आपको पैसे की जरूरत है, आप लोन लेना चाहते है और अगर ऑनलाईन लोन लेने के बारे में सोंच रहे है तो सावधान हो जाइए। मिनटों में लोन देने वाले ऐप्स के झांसे में आकर लोग बर्बाद हो रहे हैं असल में पूरा एक गिरोह लोगो को ठगने में लगा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी इंस्टेंट लोन एप्लीकेशन से बचने हेतु अलर्ट जारी किया है। पूरा एक गैंग है, जिसमें ज्यादा अनाधिकृत लोग लगे हैं जिन्हें रिजर्व बैंक से लोन देने का अधिकार नही मिला है, इसके बावजूद वे खुलेआम मिनटों में लोन का ऑफर देकर लोगों को फंसा रहे हैं।

लॉकडाउन के दौरान से ये सारे एप्लीकेशन एक्टिवेट हुए है और पैसों की कमी से जूझ रहे लोगो को सस्ते दर पे लोन मुहैया कराने का झांसा देकर अपने जाल में फंसा रहे है। गैंग द्वारा कस्टमर से तीन महीने का बैंक स्टेटमेंट, आधार कार्ड या पैन कार्ड की कॉपी लेकर तुरंत कुछ मिनटों में ही लोन दे दिया जाता है। जिसे चुकाने के लिए निश्चित समयावधि दी जाती है अगर एक एप्लीकेशन से ली गई लोन आप चुका नही पाते तो दूसरी एप्लीकेशन का नाम बता कर उसे इंस्टाल करा कर उससे लोन लेकर पिछले लोन की भरपाई करने को कहा जाता है। ग्राहक को गूगल प्ले स्टोर से एप्लिकेशन को डाउनलोड करने को कहा जाता है, ऐप्प को इंस्टाल करते समय ग्राहक, पर्सनल डिटेल (जैसे फोटो गैलरी) और कान्ट्रेक्ट लिस्ट साझा करने की परमिशन एप्लीकेशन को दे देते है जिससे ग्राहक के मोबाइल की पूरी डाटा सारे संपर्क नंबर सहित चुरा लिया जाता है और ग्राहक को लोन दे दिया जाता है। ग्राहक को विश्वास में लेते है कि उनके अच्छे सिबिल रिकार्ड के कारण ही उनको लोन दिया जा रहा है।

ये लोन देने के बाद 30 से 35 प्रतिशत का सालाना ब्याज तो लेते है साथ ही समय पर रकम वापस प्रति दिन 3,000 रुपये तक की पेनाल्टी की रकम भी वसूलते है। ये खुद ही लोन के पैसा वापस देने के लिए दूसरे लोन एप्लीकेशन की जानकारी देते है और उनसे लोन लेने के लिए उत्प्रेरित करते है। बहुत ही कम समय में इनके द्वारा 1 हजार से लेकर 50 हजार तक लोन दे दिया जाता है बाद में इनके रिकवरी एजेंट लोगों को प्रताड़ित करते है, यहां तक कि ये कंपनियां लोन लेने वाले लोगों के पर्सनल डिटेल सोशल मीडिया पर शेयर कर उन्हें डिफाल्टर घोषित कर देने की धमकी फ़ोन से देते है कस्टमर के मोबाइल से एपलीकेशन इंस्टाल करा कर चुराए हुये मोबाइल डेटा कांटेक्ट डिटेल के सारे लोगो को फोन कर परेशान भी किया जाता है।

# महाअष्टमी पर सर्वमंगला मंदिर में हुआ हवन



**कोरबा।** अष्टमी पर शहर के प्रसिद्ध मंदिर मां सर्वमंगला मंदिर में अष्टमी का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम को विधि विधान से विशेष पूजा अर्चना कर हवन की गई! मां सर्वमंगला मंदिर में हवन पूजन सम्पन्न कर सुख समृद्धि की कामना की गई। हवन और पूर्णाहुति के बाद माता स्वरूप कन्याओं को भोजन कराया गया। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के महापर्व पर मंदिर परिसर में महाप्रसादि का आयोजन कर नव कन्याओं को भोज में आमंत्रित किया गया। अष्टमी को माता स्वरूपा कन्याओं की पूजा-अर्चना कर उन्हें भोजन कराने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। जिसके चलते आज सर्वमंगला मंदिर सहित घर-घर में माता के भक्तों ने कन्या भोज का आयोजन किया ,एवं हवन पूजन किया गया, साथ ही मां सर्वमंगला मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।

## राम सिंह अग्रवाल ने रेड क्रॉस सोसाइटी के नए सदस्यों की सूची सीएमओ को सौंपा



**कोरबा।** पिछले कई वर्षों से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कोरबा का संचालन में कमी आने के कारण कलेक्टर कोरबा द्वारा पिछले माह जिला मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा को निर्देशित किया था की जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की सदस्यता और प्रबंध कार्यकारिणी में गति लाने के लिए बैठक बुलाई जाए पिछले माह बैठक जिला कार्यालय में किया गया जिसमें समाजसेवी राम सिंह अग्रवाल द्वारा सुझाव दिया गया कि रेड क्रॉस सोसाइटी की संचालन हेतु व गति देने हेतु सदस्यता अभियान चलाकर प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया जाए जिससे रेट क्रॉस सोसाइटी का उद्देश्यों को पूरा किया जा सके। इसी संदर्भ में समाजसेवी राम सिंह द्वारा सदस्यता अभियान चलाकर संरक्षक, सहसंरक्षक व आजीवन सदस्य बनाकर 30 सदस्यों की सूची आज जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को सौंप दिया तथा राम सिंह अग्रवाल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केसरवानी को अस्वस्थ किया कि सदस्यता अभियान आगे भी जारी रहेगा । प्रतिनिधि मंडल में समाजसेवी राम सिंह अग्रवाल के साथ जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ,उपाध्यक्ष विनोद तथा सहसचिव राजेश कुमार बगड़िया उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले में जन जागरूकता कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन

**कोरबा ।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों में प्रतिदिन विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बालिकाओं को अधिक अवसर प्रदान करने के महत्व पर प्रकाश डालने एवं बालिकाओं द्वारा शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा, देखभाल, भेदभाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आने वाली असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

विकासखण्ड कोरबा के ग्राम नकिया में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अंतर्गत जागरूकता रथ को जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य श्री संदीप कंवर एवं सरगांव संरपंच श्रीमती संगीता पैकरा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नवरात्रि के अवसर पर लगाये गये पंडाल, मंदिरों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु जन-जागरूक करने का कार्य रथ के माध्यम से किया जाएगा। उक्त जागरूकता रथ जिले के सभी विकासखण्डों का भ्रमण करेगा।

### मिशन योजना अंतर्गत संरक्षित खेती शेडनेट हाऊस हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत संरक्षित खेती शेडनेट हाऊस हेतु उद्यान विभाग द्वारा कृषकों की पात्रता हेतु आवश्यक योग्यता निर्धारित की गई है। सहायक संचालक उद्यान से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक हितग्राही के स्वामित्व की भूमि होनी चाहिए। भूमि में कम से कम 0.400 हेक्टेयर अथवा उससे अधिक उद्यानिकी फसल यथा फल, सब्जी, मसाला, पुष्प का रकबा राजस्व अभिलेख में इंद्राज होना चाहिए। प्राथमिकता के आधार पर केंद्र तथा राज्य पोषित योजना अंतर्गत फल, सब्जी, मसाला, पुष्प क्षेत्र विस्तार सफलतापूर्वक किया हो। शेडनेट हाऊस निर्माण में प्रतिवर्ग मीटर कुल लागत 710 रूपए में 355 रूपए अनुदान देय होगा, शेष 355 रूपए कृषक अंश की राशि स्वयं वहन् करना पड़ेगा। हितग्राही प्रक्षेत्र में बिजली, पाली एवं फैसिंग की व्यवस्था होनी चाहिए।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित



**कोरबा।**''बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम'' विकासखण्ड कोरबा वनांचल ग्राम लेंमरू में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत बालिका शिक्षा, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, कलश यात्रा एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के ग्रामीणजन, स्थानीय ग्रामवासी महिलाएं एवं किशोरी बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा स्वच्छता पोषण की जानकारी दिया गया। ग्रामीणों ने इस आयोजन में उत्साह पूर्वक सहभागिता दी गई। उक्त अवसर पर प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाईं, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेणु प्रकाश, परियोजना अधिकारी श्रीमती ममता तुली, श्रीमती टेकेश्वरी ध्रुव सेक्टर पर्यवेक्षक, कर्मचारीगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### छत्तीसगढ़ में 1000 करोड़ का धान हो रहा खराब, 6 जिलों में धान पूरी तरह से हुए खराब:डॉ. चरण दास महंत



**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने राज्यपाल के नाम एक पत्र लिखा है। उस पत्र में कहा गया हैं की समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की मीलिंग करके चावल तैयार किया जाता है और राज्य की आवश्यकता के लिए चावल राज्य में रखकर अतिरिक्त चावल भारतीय खाद्य निगम को दिया जाता है। उन्होंने कहा की 2023 में 144 लाख 12 हजार मैट्रिक टन उत्पादित धान का समर्थन मूल्य पर उपार्जन राज्य सरकार के खाद्य विभाग से किया था। आरोप लगाते हुए कहा हैं की 2 सितंबर तक कुल 25 लाख 93 हजार 880 क्विंटल धान की मीलिंग नहीं हो सकी थी। 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान तो विभिन्न खरीदी केंद्रों पर शेष बताया जा रहा है, 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल धान छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ के विभिन्न संग्रहण केंद्रों पर शेष बताया जा रहा है। कुल 25 लाख 93 हजार 880 क्विंटल धान, जिसका लागत मूल्य रू. 4000.00 प्रति क्विंटल की दर से 1037 करोड़ 55 लाख रुपये होता है, वह खराब हो चुका है।राज्य के 33 जिलों में से 11 जिलों के खरीदी केंद्रों में धान की मात्रा शून्य है, इन 11 जिलों में धान खराब नहीं हुआ तो फिर बाकी 22 जिलों में भी ऐसी ही स्थिति क्यों नहीं रही। 33 जिलों में से केवल 6 जिलों के संग्रहण केंद्रों में धान का बड़ी मात्रा में भंडारण किया गया था और इन सभी 6 जिलों में धान खराब हुआ है।आरोप लगाते हुए आगे कहा गया की छत्तीसगढ़ राज्य का गठन होने के बाद आज तक इतनी बड़ी मात्रा में धान कभी भी खराब नहीं हुआ था, भाजपा सरकार के कार्यकाल के पहले वर्ष में ही ऐसा होना सुशासन के दावे को झूठा सिद्ध कर रहा है।

## 115 ग्रामीणों के पट्टे एसडीएम कार्यालय से गायब होने की गयी शिकायत

**कोरबा ।** कोरबा जिले के 4 ग्राम पंचायत मुनगाडीह, दमिया, बतरा एवं जेमरा सभी तहसील पाली, जिला कोरबा के 115 वन अधिकार पत्रों के एसडीएम कार्यालय से गायब होने शिकायत की गयी हैं। आरोप लगाते हुए कहा जा रहा हैं की वहा पदस्थ बाबू की लापरवाही के कारण पात्र 115 हितग्राही महीनों से वन अधिकार पट्टे के लिए भटकने को मजबूर हैं।

छत्तीसगढ़ शासन सहित कलेक्टर को आरोप लगाते हुए अवगत कराया गया है कि 4 ग्राम पंचायत मुनगाडीह, दमिया, बतरा एवं जेमरा सभी तहसील पाली, जिला कोरबा के 115 वन अधिकार पत्रों (पट्टा), जिसमें 31 पट्टा मुनगाडीह हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग कोरबा के शाखा प्रभारी, सहायक ग्रेड-03 को दायित्व दिया गया था। उनके द्वारा पट्टा तैयार किया जाकर दस्तखत किये जाने हेतु भृत्य के द्वारा आदिवासी विकास के ही छात्रावास अधीक्षक द्वारा उक्त पट्टे में हस्ताक्षर कराये जाने हेतु जिसमें वन विभाग के अधिकारी उप वन मण्डलाधिकारी पाली, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाली को दायित्व सौंपा गया है।

उनके द्वारा पट्टे में हस्ताक्षर वन विभाग के अधिकारी उप वन मण्डलाधिकारी पाली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाली का हस्ताक्षर करा लिया गया लेकिन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली का हस्ताक्षर हेतु बाबू को दिया गया। समय व्यतीत होने पर हितग्रागी ग्रामीणों द्वारा पूछने पर उन्हें बताया गया की पट्टा कहीं रख दिया गया हैं, ढूंढने पर नहीं मिल रहा है।

आग्रह किया गया है कि 487 सर्वे पात्रता सूची में 115 लोगों का नाम जोड़ा जावे एवं उन्ही के साथ वितरण किया जावे। उचित कार्यवाही करते हुए 115 वन अधिकार पत्र पट्टा प्रदाय करने की गुहार महीनों से लगाई जा रही है।

### पूजा पंडालों में किशोरियों ने दिया बालिका सुरक्षा का संदेश

कोरबा । अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना, कोरबा शहरी परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में 11 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। परियोजना अधिकारी बजरंग सांडे के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें किशोरी/बालिकाओं की रंगोली प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। और शक्ति की उपासना में बालिकाओं की भी भागीदारी तय करते हुए पूजा-पंडालों में कार्यकर्ताओं के साथ किशोरी/ बालिकाओं ने बचाओ-बेटी पढ़ाओअभियान से जुड़ी रंगोली बनाई।

# कोहड़िया नर्सरी पारा क्षेत्र में आयोजित जगराता में झूमे श्रद्धालु

**कोरबा ।** कोरबा अंचल के वार्ड क्रमांक 16 कोहड़िया के नर्सरी पारा में श्री दुर्गा एवं गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य जगराता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद नरेंद्र देवांगन, दिनेश मोदी उपस्थित रहे।

माता के जगराता कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने दुर्गा माता की अराधना एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जगराता में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार दिलीप षड़ंगी के गानों से माहौल और भी देवी मय हो गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि देवी दुर्गा की अराधना से समाज में असुरी शक्तियों का नाश होता है। जगराता में शामिल होकर हम सभी श्रद्धालुजन पुण्य के भागी बन रहे हैं, शहर में भक्ति का माहौल है। देवी माता की अराधना से सभी परिवारों में सुख और समृद्धि आती है। हम नौ दिनों तक देवी मां की अराधना करते हैं और हमारे शहर में हम सब मिलकर दुर्गा माता की पूजा भी करते हैं। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन माता के जगराता में शामिल होकर शहर वासियों को नवरात्रि पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के बड़े कार्यक्रम से वार्ड के लोगों में सामाजिक समरसता के साथ साथ एकजुटता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा की आज कोरबा शहर के हर वार्ड का तेजी से विकास किया जा रहा है। जितने भी कार्य स्वीकृत किए हैं सभी का फंड भी जारी किया जा चुका है, मानसून सीजन खत्म होते ही सभी कार्य प्रारंभ हो जाएंगे।

इसी तरह वार्ड की जनता को संबोधित करते हुए पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा की वॉर्ड क्रमांक 16 के बरपारा, खान मोहल्ला, नर्सरी पारा, चरपारा सहित सभी बस्तियों में विकास कार्य के लिए इन 8 महीने में राशि जारी की जा चुकी है। आने वाले 3 से 4 महीने में सभी कार्य पूर्ण भी हो जाएंगे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्याम श्रीवास, रामकुमार कश्यप, सोहन साहू, सत्य प्रकाश साहू, भोजराम यादव, रामचरण पटेल, प्रवीण साहू, तनेश साहू, बाबूलाल साहू, राजकुमार बरेठ सहित अन्य उपस्थित रहे।

### हादसे में बाल-बाल बचे बाइक सवार युवक

कोरबा । कोरबा-बालको-उरगा बायपास मार्ग पर ग्राम नकटीखार के पास एक हादसा हुआ। बताया जा रहा हैं की यहां राखड़ भरे हाइवा के नीचे बाइक सवार आ गया। इस घटना में बाइक सवार कॉलेज के प्रोफेसर वेद प्रकाश सोनी बाल-बाल बचा। इस घटना के बाद राहगीरों और ग्रामीणों को आक्रोशित हो गए और चक्का जाम कर दिया है। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों में पहले से ही राखड़ भरे वाहनों से प्रदूषण और आए दिन हो रहे दुर्घटना के कारण भारी आक्रोश था। सड़क पर लोग जान हथेली पर रखकर चलने को मजबूर हो हैं। सड़क पर कोई ब्रेकर भी नहीं है, अचानक ब्रेक लगाने या फिर मोड़ने पर दूसरी ओर से आ रहे भारी वाहनों से भी हादसे का खतरा बना रहता है। डस्ट की समस्या गहराती जा रही है। इस मार्ग पर कई जानलेवा हादसे भी हो चुके हैं जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।चक्का जाम की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी कर्मचारी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। ग्रामीण इस मार्ग पर ब्रेकर लगाने और भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं।



## निगम की पाइपलाइन फूटी 5 वार्डों में सप्लाई बंद

**कोरबा ।** नगर निगम के कुसमुंडा क्षेत्र के वार्डों के लिए बिछाई गई पाइप लाइन आदर्श नगर बस्ती के पास फूट गई है। इसकी वजह से 5 वार्डो में पानी आपूर्ति प्रभावित हो गई है। पाइप फूटने की वजह से पानी तेजी से सड़क पर बहता रहा। यह झरने की तरह लग रहा था। इस वजह से आवाजाही करने वाले लोगों को भी परेशानी हुई। पांच वार्डों में शाम को भी पानी सप्लाई नहीं हो पाई। कुसमुंडा, गेवरा बस्ती, प्रेमनगर ,सुराकछार क्षेत्र में पानी नहीं आया। निगम अमला सुधार करने में जुटा है।

# जिले के थानों में बीट सिस्टम को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है

**कोरबा।** जिले के थानों में बीट सिस्टम को प्रभावी रूप से लागू करते हुए कुल 524 जगह के दीवारों पर बीट अधिकारी एवं कर्मचारियों का नाम लिखा गया है।प्रत्येक वार्ड/ ग्राम पंचायत के भवनों में थाना प्रभारी एवं बीट प्रभारी तथा बीट आरक्षक के मोबाइल नंबर को दीवारों पर लिखा जा रहा है पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा (भापुसे) के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा के निर्देशन में सजग कोरबा अभियान में सभी चौकी अपने-अपने क्षेत्र के दीवारों पर बीट अधिकारी का नाम एवं मोबाइल नंबर की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

कोरबा पुलिस के द्वारा सजग कोरबा अभियान के तहत थाना चौकी अपने-अपने क्षेत्र दीवारों पर सजग कोरबा अभियान के तहत जिले के थानों में बीट सिस्टम को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत के भवनों में थाना प्रभारी एवं बीट प्रभारी तथा बीट आरक्षक के मोबाइल नंबर को वॉल पेंटिंग कर लिखवाया जा रहा है और आपातकालीन डायल नंबर 112 को भी दीवारों पर लिखा जा रहा है जिससे ग्रामीणों को उनके क्षेत्र में होने वाले घटना एवं सूचना को तुरंत उनके क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारियों को उसे संबंध में सूचित कर सके। कोरबा पुलिस के द्वारा कुल 524 जगह पर अभी तक वॉल पेंटिंग के माध्यम से दीवारों पर थाना प्रभारी एवं बीट अधिकारी के साथ आरक्षक का नाम एवं मोबाइल नंबर को लिखा गया है।जिससे आसूचना संकलन में मदद मिल रही है।



### कोरबा में राम दरबार में गरबा की धूम, महिलाएं और युवतियां जीत रही हैं ईनाम

**कोरबा।** राम दरबार मंदिर में रास गरबा में महिलाएं और युवतियां उत्साह से भाग ले रही हैं। वे अलग-अलग वेशभूषा में सुसज्जित होकर भाग लेती हैं और प्रतियोगिता में भी हिस्सा लेती हैं। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन में अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल, सचिव गुलशन अरोरा, सह सचिव रवि अग्रवाल और कोषाध्यक्ष अशोक चावलानी शामिल हैं। भोग वितरण समिति के मुकेश अग्रवाल द्वारा रोजाना भोग वितरण किया जा रहा है। एन्जल और राखी पाण्डेय गरबा और डांडिया में युवतियों और महिलाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

शनिवार को दशहरा उत्सव का आयोजन होगा, जिसमें 60 फीट ऊंचा रावण बनाया गया है। आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। रावण दहन 12 अक्टूबर रात 8 बजे होगा। शुक्रवार को महा भंडारा में प्रसाद का वितरण किया जाएगा और रविवार को श्री दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के साथ नवरात्रि का समापन होगा।

# लाल मैदान में जलेगा रावण का 105 फीट ऊंचा पुतला

**कोरबा।** नवरात्र के साथ ही दशहरा पर रावण के पुतले का दहन करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस वर्ष भी लाल मैदान में विजयदशमी उल्लास के साथ मनाई जाएगी। कमेटी गठन के साथ ही रावण पुतला बनाने का काम शुरू हो चुका है। इस बार 105 फीट का रावण पुतला बनाया जा रहा है। जो सिर घुमाकर मुंह से धुआं छोड़ेगा। भगवान राम के तीरों से बचने ढाल भी चलाएगा। पिछले चार दशक से लाल मैदान दर्री के दशहरा उत्सव का क्रेज बना हुआ है। समय के साथ दशहरा उत्सव में तकनीकी के समावेश ने उत्सव को और भी खास बना दिया है। लाल आंख दिखाते हुए भगवान राम को युद्ध के लिए ललकारना हो या फिर जोरदार अट्हास, तलवार घुमाना लाल मैदान के रावण की खूबी रही है। इस बार भी रावण पुतला सिर घुमाकर मुंह से धुआं छोड़ेगा। छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम परियोजना के लाल मैदान में रावण पुतले को तैयार करने का काम किया जा रहा

मध्यप्रदेश के समय से रावण का पुतला बनते आ रहा है। यहां रावण बनाने के साथ उसका दहन किया जाएगा। पुतले का अधिकांश काम पूरा हो चुका है। दशहरा के दिन शेष काम को पूर्ण कर एक दिन पहले पुतले को खड़ा कर दिया जाएगा। रावण पुतला के अलावा लाल मैदान में कुंभकरण व मेघनाद के 55 से 60 फीट ऊंचे पुतले बनाए गए हैं। रामझांकी लाइटिंग सहित आतिशबाजी उत्सव का विशेष आकर्षण रहेगा। लाल मैदान के अलावा शहर के प्रमुख दशहरा उत्सव मैदानों में रावण पुतलों का दहन किया जाएगा।

पुराना बस स्टैंड, मुड़ापार बाजार, राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस 1, एमपी नगर, रानी रोड, रामलीला मैदान बालको, कटघोरा मैदान, प्रगतिनगर दीपका, बांकीमोंगरा, कुसमुंडा सहित उपनगरीय क्षेत्रों में विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा जहां रावण पुतलों का निर्माण का काम चल रहा है।





आश्विन नवरात्र पर्व के अंतिम दिवस देवी के नौवे स्वरूप सिद्धिदात्री का विशेष श्रृंगार करने के साथ पूजन-अर्चन किया गया। मंदिरों व पंडालों में काफी श्रद्धालु उमड़े। व्रत रखने वाले भक्तों इस दिन कन्याओं को भोज कराने के साथ उन्हें दक्षिणा दी।

# त्योहारी सीजन में सैंपलिंग और कार्रवाई का डर, सतर्कता बरत रहे कारोबारी

**कोरबा।** त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ कई प्रकार के खतरे व्यवसाइयों के लिए पैदा हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा डरा हुआ कोई है तो वह है- खाने पदार्थ की बिक्री करने वाला वर्ग। वजह है कि इस सीजन में मिलावट की आशंका को लेकर फूड सेफ्टी विभाग सामानों की सैंपलिंग करने के साथ कार्रवाई भी कर रहा है। इसलिए कारोबारी समय के साथ सतर्क हो गए हैं। वह नहीं चाहते कि ऐसा कुछ हो जिससे नाम भी खराब हो और रुपया भी जाए।

हाल में ही फूड सेफ्टी विभाग की पिछली सैंपलिंग के दौरान हुई लैबोरेट्री इंक्वारी में जिओमार्ट के ऑर्गेनिक बेसन के अलावा कई मिठाई दुकानों के सैंपल फेल हुए हैं। विभाग ने नियमानुसार ऐसे सभी मामलों में अगली कार्रवाई करने की बात कही है। विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिस तरह के दावे संबंधित सामानों की गुणवत्ता को लेकर किए गए थे वह सब उनके स्टैंडर्ड में नहीं मिला। इसलिए यह सभी मामले कार्यवाही के दायरे में शामिल हुए हैं। विभाग में नवरात्रि से लेकर दीपावली और देवउठनी एकादशी तक कस्बों में खाद्य पदार्थ के सैंपल लेने और उन्हें जांच के लिए आगे भेजने को लेकर



अभियान जारी रखने की बात कही है। बताया गया कि इनमें मिठाई से संबंधित खोवा, मावा, पनीर, आटा, मैदा, बेसन, तेल, डालडा, घी के अलावा नमकीन चीजों को कैटिगराईज किया गया है। दावे इस प्रकार के हैं कि अलग-अलग तत्वों की एक मात्रा इन चीजों में मिश्रित करने के साथ उनका परिमाण बढ़ा दिया जाता है। यह अमानत होते हैं लेकिन इसकी आड़ में मूल निर्माता अच्छी कमाई करता है। लेकिन गलत खाद्य पदार्थों का उपयोग करने से जन स्वास्थ्य के खतरे बढ़ते हैं और इसकी बड़ी कीमत उन लोगों को अदा करनी पड़ती है जो ऐसे सामानों का उपयोग किया करते हैं।

### जांच के लिए इकलौती प्रयोगशाला पर दबाव

मौजूदा व्यवस्था में छत्तीसगढ़ में खाद्य अपमिश्रण से संबंधित जांच के लिए केवल एकमात्र प्रयोगशाला रायपुर में स्थित है। इसके लिए सरकार ने सेटअप दिया है और उसके हिसाब से प्रदेश भर के आने वाले नमूनों की जांच साल भर की जाती है। बताया जा रहा है कि खासतौर पर प्रमुख त्योहारों में ही नमूनों की मात्रा इतनी हो जाती है कि प्रयोगशाला जांच के बोझ से दब जाती है।

### स्ट्रीट फूड्स पर नजर क्यों नहीं



खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग सरकार के निर्देश पर त्योहार के सीजन में विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने और उनकी जांच करने के लिए काम कर रहा है। लेकिन अब लोग इस पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं कि दूसरे खाद्य पदार्थ जांच का हिस्सा क्यों नहीं बन सकते हैं। व्यवसायी राजू सोनी ने कहा की केवल मिठाई और नमकीन ही लोग उपयोग में नहीं लेते बल्कि प्रतिदिन बड़ी मात्रा में स्ट्रीट फूड भी उपयोग का हिस्सा बन रहा है। इस बारे में जांच पड़ताल करने के लिए मानसिकता आखिर क्यों नहीं बनाई जा रही है। क्या ऐसा मान लिया गया है कि इस प्रकार की दुकानों में सब कुछ निर्धारित स्टैंडर्ड के अनुसार ही चल रहा है। अगर नहीं तो विभाग की टीमों को कोरबा और आसपास के स्ट्रीट फूड पर भी नजर बनानी चाहिए ताकि लोगों को पता चले की जिन चीजों का उपयोग हो रहा है, उनका स्तर क्या है।

# बायीं तट नहर में कूदी किशोरी मिली मृत स्थिति में

**कोरबा।** काफी समय से परेशान चल रही एक किशोरी ने समस्या से छुटकारा पाने के लिए बायीं तट नहर में छलांग लगा दी थी। 4 दिन बाद वह मृत स्थिति में मिली हैं। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। परिजनों से पूछताछ के बाद इस मामले में अगली कार्रवाई की जाएगी।

मृतका की पहचान 15 वर्षी एकता मरावी के रूप में की गई है जो कोरबा के मानिकपुर चौकी अंतर्गत वाल्मिकी अंबेडकर नगर की रहने वाली थी। बुधवार को शाम वह पावर हाउस रोड से स्टेशन जाने वाले मार्ग पर हसदेव लेफ्ट बैंक कैनाल मैं कूद गई थी। यह सब एकाएक हुआ था। घटनाक्रम के दौरान किशोरी को ऐसा करते पॉइंट ड्यूटी पर मौजूद एक ट्रैफिक कांस्टेबल ने देख लिया था। जिस पर उसने किशोरी को बचाने के लिए फौरन नहर में छलांग लगा दी। लेकिन नहर के तेज बहाव में किशोरी को उस समय नहीं खोजा जा सका। जानकारी सार्वजनिक होने पर आसपास के गोताखोरों को भी सक्रिय किया गया था कि किशोरी को बचाया जा सके लेकिन इसके कोई नतीजे नहीं आ सके। लेकिन जांच का काम लगातार चल रहा था। चार दिन बीतने पर एकता के बारे में जानकारी मिली लेकिन यह नकारात्मक रही। पता चला कि रायगढ़ जिले की खरसिया क्षेत्र अंतर्गत बरगढ़ में कैनाल की ब्रांच में झाड़ियों में उसका शव मिला है। आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी इसके कुछ देर बाद स्पष्ट हुआ कि यह वही किशोरी है जो कोरबा में कुदी हुई थी। इसकी जानकारी यहां दी गई जिसके बाद परिजन रवाना हुए। बताया गया कि इस मामले में मर्ग कायम किया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच पड़ताल में प्राप्त होने वाले तत्वों के आधार पर कार्यवाही करने की बात कही है।

### इसलिए उठाया कदम

जानकारी यह भी मिली है कि घटना दिवस को किशोरी अपने एक परिचित युवक के साथ निकली थी और कुछ घंटे बाद उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। कहा जा रहा है यह किसी कारण से उसे पर बार-बार आर्थिक जरूरत की पूर्ति के लिए दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वह मुश्किल में थी। माना जा रहा है कि पुलिस इस प्रकरण में इन सभी तथ्यों को शामिल कर सकती है।

## पूटीपखना में चलेगा सदस्यता अभियान

**कोरबा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा रथयात्रा निकालते हुए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। आज पसान मण्डल के लैंगा पूटीपखना में सदस्यता अभियान चलेगा। इस दौरान युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, जिला सदस्यता प्रभारी सुभाष राठौर, विवेक मारकण्डे, हिमांशु पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। प्रदेश कार्य समिति सदस्य किशन केशरवानी ने कहा है कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे उन्होंने पूरा कर लिया है। 100 से अधिक सदस्य उन्होंने बनाया है। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के अखिलेश सोनी ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस बैठक में धन्नू दुबे, अभिषेक गर्ग सहित सभी 5 मण्डलों के कार्यकर्ताओं ने किये गये कार्यों की जानकारी ली। विधानसभा स्तरीय बैठक लेकर सदस्यता अभियान की जानकारी ली जा रही है।

## भामसं का होगा अभ्यास वर्ग

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें 3 दिवसीय अभ्यास वर्ग कराने पर विचार विमर्श किया गया। इस अभ्यास वर्ग में राष्ट्रीय मंत्री जी सुरेंद्रम शामिल होंगे। इस बैठक में राष्ट्रीय सचिव आरएस जायसवाल, नवरतन बरेठ, अजय मित्रा, हेत राम, शरद नायर, अशोक सूर्यवंशी, पीएन यादव सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।




# शराब के धोखे में पीया कीटनाशक, दो बीमार



**कोरबा।** शराब का शौक संबंधितों को आफत में डाल दिया करता है। दो ग्रामीणों को इस चक्कर में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इस मामले की जानकारी अस्पताल से वहां की पुलिस चौकी को नहीं दी गई है।

उरगा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बगबुड़ा गांव में यह घटना हुई। राधेलाल और दूजराम नामक व्यक्ति कीटनाशक का सेवन करने से मूर्छित हो गए। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें जिला मुख्यालय के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार जारी है। परिवार की एक सदस्य ने बताया कि इन दोनों ने शराब के धोखे में कीटनाशक का सेवन कर लिया था। संबंधित चीज को लेकर उनका दावा है कि सामान्य तौर पर जहरीले जीव-जंतु निकलने की स्थिति में उन्हें समाप्त करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। संभवतः इस रासायनिक प्रभाव से दोनों युवकों की शारीरिक स्थिति पर असर पड़ा। पीड़ितों को निगरानी में रखा गया है।

# पूर्व सैनिक को सुरक्षा देने खोला मोर्चा

### जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने पूर्व सैनिक सूर्या सिंह चौहान को सुरक्षा देने और एक मामले में कई लोगों के खिलाफ बनाए गए प्रकरण को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने इस बारे में राज्यपाल के नाम का ज्ञापन कोरबा डीएम को सौंपा।

पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के साथ अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन प्रशासन को दिया। कहा गया कि 16 सितंबर को बेमेतरा में हर्षित सलूजा की कार को नुकसान पहुंचा। इस मामले में पुलिस ने पूर्व सैनिक सूर्या सिंह चौहान और उसके 100 से अधिक साथियों पर हत्या की नीयत से प्राण घातक



हमला का अपराध विभिन्न धाराओं में दर्ज किया। आरोप है कि ऐसे लोगों की गिरफ्तारी बिना सर्च वारंट के देर रात को उनके घरों में की गई और तलाशी ली गई। सवाल उठाया गया है कि अनजान व्यक्ति की कार पर ईंट का टुकड़ा फेंक देने से आंशिक नुकसान पर 100 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध कैसे दर्ज किया जा सकता है। राठौर का कहना है कि बेमेतरा पुलिस ने दमनात्मक कार्रवाई की है इसलिए इसकी जांच होना चाहिए। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के जैनेंद्र कुर्रे, सुरजीत सोनी सहित काफी लोग इस प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उचित कार्रवाई के अभाव में आगे भी आंदोलन किया जाए।

## कंचन ज्योति का कार्यक्रम उरगा में

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ी गायिका कंचन ज्योति का कार्यक्रम 13 अक्टूबर को उरगा में आयोजित किया गया है। दुर्गा पूजा उत्सव समिति के द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। समिति के लोगों का मानना है कि कार्यक्रम में दूरदराज क्षेत्रों से लोग आयेंगे।




# अर्थराइटिस दिवस पर हड्डियों की घनत्व जांच होगी निशुल्क

**कोरबा।** 12 अक्टूबर विश्व आर्थराइटिस दिवस पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत 80 प्रकार के वात रोगों हेतु नि:शुल्क अस्थि खनिज घनत्व जांच, रक्त शर्करा जांच एवं आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श उपचार शिविर का आयोजन हो रहा है । लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परीषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में यह सम्पन्न होगा। श्री शिव औषधालय एमआईजी 20 आर.पी.नगर फेस 2 शिवाजी नगर रोड में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक सेवा दी जाएगी।

अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ श्री शिव औषधालय के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा चिकित्सक द्वय नाड़ीवैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा एवं नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करेंगे। वर्ल्ड आर्थराइटिस डे मनाया जाता हैं जिसका उद्देश्य लोगो को वात रोगों (आर्थराइटिस) के प्रति जागरूक करना है ताकि इस बीमारी से बचा जा सके। डॉ शर्मा ने बताया कि वात रोग का एक बड़ा कारण अस्थि खनिज घनत्व तथा कैल्शियम की कमी होना भी है। जिसके लिये शिविर में बीएमडी मशीन द्वारा अस्थि खनिज घनत्व जांच कोलकाता के टैक्नीशियन द्वारा निशुल्क की जायेगी। समस्त प्रकार के वात रोगों के लिये उपयोगी वातशामक काढ़ा भी निशुल्क पिलाया जायेगा। रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) की जांच निशुल्क कर शुगर की परीक्षित औषधि निशुल्क देने के साथ-साथ वात रोगियों के लिये उपयोगी स्वास्थ्य पुस्तिका भी निशुल्क दी जायेगी । संबंधित बीमारियों के लिए उन्हें जरूरी योग अभ्यास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# हाईमास्ट लाइट से जगमगाया दीपका का बजरंग चौक

### भाजपा नेता ज्योतिनंद ने किया उद्घाटन

**दीपका।** कोयलांचल दीपका क्षेत्र के बजरंग चौक में हाईमास्ट लाईट लग गया है, जिसका उद्घाटन छग खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता ज्योतिनंद दुबे ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हाईमास्ट लाईट के चौक पर लगने से रात के समय बेहतर प्रकाश की सुविधा होगी, जिससे स्थानीय लोगों को आने-जाने में



सहुलियत होगी। नगर पालिका अध्यक्ष संतोषी दीवान ने कहा कि नगर पालिका दीपका को रोशन व सुरक्षित बनाने के लिए ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उद्घाटन समारोह के दौरान पार्षद अनुज यादव, मनोज दुबे, मुकेश जायसवाल, सुजीत सिंह, आनंद चौकसे, राजेंद्र साहू व कारू सिंह उपस्थित थे।

**किराये से देना है**

मेन रोड कोरबा धर्म अस्पताल के सामने दुकान किराये से देनी है।

-:संपर्क करें :-

सुरजीत सिंह गुलाटी
मो.-9826389894




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com